सुविचार

सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नही बल्कि मजबूत बनाने आती हैं

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 | अंक: 246 | पेज: 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, बुधवार 29 मार्च, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

## बंगला छोड़ने के नोटिस पर राहुल बोले आदेश मानूंगा, घर से अच्छी यादें जुड़ी

### खड़गे ने कहा- अपना घर खाली कर दूंगा

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** सांसदी रद्द होने के बाद राहुल गांधी को बंगला खाली करने का नोटिस भेजा गया। इस पर उन्होंने मंगलवार को लोकसभा सचिवालय के डिप्टी सेक्रेटरी डॉ. मोहित रंजन को लिखित जवाब भेजा। राहुल ने लिखा- मैं 4 बार लोकसभा सांसद चुना गया। यह लोगों का जनादेश है। मैं उन लोगों का शुक्रगुजार हूं। मेरी इस घर से कई अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं। मैं नोटिस में दिए गए आदेशों का पालन करूंगा। दरअसल, लुटियंस दिल्ली में 12, तुगलक लेन वाले सरकारी बंगले में राहुल रहते हैं। 2004 में अमेठी से पहली बार सांसद बनने पर उन्हें ये बंगला एलॉट किया गया था। 2005 में उन्हें ये बंगला मिल गया था।



### 23 : मानहानि केस में राहुल को सजा मिला

सूरत की कोर्ट ने 23 मार्च को राहुल को 2 साल कैद की सजा सुनाई। हालांकि, 27 मिनट बाद उन्हें जमानत मिल गई थी। उन्होंने 2019 में कर्नाटक की सभा में मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था। कहा था- सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है। इसके बाद गुजरात के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल के खिलाफ मानहानि का केस किया था।

### राहुल के लिए बंगला खाली कर दूंगा: खड़गे

बंगला खाली करने के नोटिस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'अगर राहुल बंगला खाली करते हैं तो अपनी मां के पास रहने जा सकते हैं या मेरे पास आ सकते हैं। मैं एक बंगला खाली कर दूंगा।'

### 24 अप्रैल से पहले खाली करना है घर

लोकसभा सचिवालय से 27 मार्च को राहुल को बंगला खाली करने का नोटिस मिला था। लोकसभा हाउसिंग कमेटी ने उन्हें 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करने के लिए नोटिस जारी किया था। उन्हें बंगला खाली करने के लिए 24 अप्रैल तक का समय दिया गया है।

### 24 मार्च: राहुल की संसद सदस्यता रद्द

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता 24 मार्च दोपहर करीब 2.30 बजे रद्द कर दी गई। वह केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य थे। लोकसभा सचिवालय ने पत्र जारी कर इस बात की जानकारी दी। लोकसभा की वेबसाइट से भी राहुल का नाम हटा दिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2013 के एक फैसले में कहा था कि अगर कोई भी सांसद या विधायक निचली अदालत में दोषी पाया गया तो वह संसद या विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य होगा। इसी नियम के तहत राहुल की संसद सदस्यता रद्द हुई है।

### 25: राहुल ने 28 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस की

सांसदी जाने के बाद राहुल ने 25 मार्च को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। राहुल ने कहा, 'भाजपा ध्यान भटकाने की कोशिश करती है। कभी डइउ की बात करेगी, कभी विदेश में दिए बयान की बात करेगी। ये लोग मेरी सदस्यता रद्द करके मुझे रोक नहीं सकते। चाहे मुझे सदस्यता मिले, ना मिले, मैं अपना काम करूंगा। अगर ये मुझे स्थायी रूप से डिसक्वालिफाई कर दें, तो भी मैं अपना काम करूंगा। मैं संसद के अंदर रहूं या बाहर, कोई फर्क नहीं पड़ता।

### 27 : राहुल को बंगला खाली करने का नोटिस मिला

लोकसभा हाउसिंग कमेटी ने 27 मार्च को बंगला खाली करने के लिए राहुल को नोटिस भेजा। कमेटी ने उन्हें 22 अप्रैल तक 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करने को कहा। उधर, 27 मार्च को विपक्ष ने राहुल की सांसदी जाने को लेकर ब्लैक प्रोटेस्ट किया।

## अतीक को उम्रकैद, भाई अशरफ बरी

### रिमांड ऑर्डर नहीं होने के कारण 5 घंटे नैनी जेल के बाहर वैन में बैठा रहा माफिया

गरीबों का सितारा

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद को मंगलवार को प्रयागराज की MP-MLA कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। 17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण केस में यह सजा सुनाई गई है। सजा सुनाए जाने के बाद पुलिस अतीक को लेकर 3.30 बजे नैनी जेल पहुंची, लेकिन वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने अतीक को जेल में लेने से मना कर दिया था। उनके मुताबिक माफिया अतीक अहमद नैनी जेल में लेने का अभी कोई आदेश नहीं मिला है। अतीक दोपहर 3.30 बजे रात 8.35 बजे तक वैन में बैठा रहा। अब उसे लेकर पुलिस साबरमती जेल के लिए निकल गई है। इस बीच अतीक अहमद का ब्लड प्रेशर बढ़ गया। उसने वैन में मौजूद सिपाहियों से घबराहट होने की बात कही, तो उसे ब्लड प्रेशर की दवा दी गई थी।



### अतीक समेत 3 को उम्रकैद, 7 बरी

पुलिस रिकॉर्ड में अतीक गैंग पर 101 मुकदमे दर्ज हैं। यह पहला मामला है, जिसमें अतीक को दोषी ठहराया गया और सजा मिली है। जज दिनेश चंद्र शुक्ल ने अतीक के अलावा खान सौलत हनीफ और दिनेश पासी को भी उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों पर एक-एक लाख का जुमार्ना भी लगाया गया है। यह रुपए उमेश के परिवार को दिए जाएंगे। अशरफ उर्फ खालिद अजीम समेत फरहान, जावेद उर्फ बज्जू, आबिद, इसरार, आशिक उर्फ मल्ली, एजाज अख्तर को बरी कर दिया गया है। सजा सुनाने के बाद दोपहर 3.30 बजे अतीक और अशरफ को वापस नैनी जेल ले जाया गया। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने अतीक-अशरफ से सवाल किए, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। अशरफ को बरेली के लिए रवाना कर दिया गया है।

## 'मंत्री शेखावत ने लूटा हुआ पैसा अफ्रीकी देश में लगाया': संजीवनी घोटाले पर बोले गहलोत- गजेंद्र सिंह डर गए हैं, ज्यादातर केंद्रीय मंत्री नकारा

**जोधपुर।** संजीवनी सोसायटी के मुद्दे पर सीएम अशोक गहलोत और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के बीच जुबानी जंग लगातार जारी है। मंगलवार को जोधपुर दौरे पर आए सीएम ने एक बार फिर से केंद्रीय मंत्री शेखावत पर निशाना साधते हुए कहा- मंत्री जी घबरा गए हैं, क्योंकि सीधा आरोप उनके और उनके परिवार पर लगा है। गहलोत मंगलवार को जोधपुर में कांग्रेस के संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर उन्होंने कहा कि मैंने गजेंद्र सिंह शेखावत पर आरोप लगाए तो उन्होंने मेरे ऊपर मानहानि का मुकदमा कर दिया। मैंने सर्च किया, संजीवनी से पीड़ित 2 लाख परिवार हैं, जिनका पैसा डूब गया है। मेरे खिलाफ मानहानि का केस लगाया है। ये इश्यू बनेगा तो प्रेशर बढ़ेगा और प्रधानमंत्री का प्रेशर इन पर बढ़ेगा तो पैसा आने की संभावना बढ़ जाएगी। मैं तो यही सोचकर चल रहा हूं कि मेरे खिलाफ चाहे कुछ भी करें, लेकिन पैसा लौटाने के लिए आगे आए। सीएम ने शेखावत पर निशाना साधते हुए कहा- अफ्रीकी देश इथियोपियात्र्में जो पैसा लगाया है वह पैसा लूटा हुआ है। वह जनता को बताएं कि यह पैसा आया कहां से? ये जनता को आकर क्यों नहीं बता रहे। जबकि संजीवनी से पीड़ित लोग तीन बार मेरे से मिल चुके हैं। गहलोत ने कहा कि उनकी पीड़ा सुनकर मेरी आंखों में आंसू आ जाते हैं। ये मीटिंग बुलाकर क्यों नहीं कह देते कि उस समय संजीवनी में जो था वह मेरा दोस्त था, अब मेरा दोस्त नहीं है। मेरा अब उससे कोई संबंध नहीं है।

## पीएम मोदी बोले- कुछ पार्टियां भ्रष्टाचार बचाओ अभियान में जुटीं

### दिल्ली में बीजेपी ऑफिस के उद्घाटन पर कहा- यह भाजपा के सपनों का विस्तार

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दिल्ली में भाजपा के नए रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स और ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद पीएम



ने यहां पूजन भी किया। इस दौरान ढट मोदी ने नए भाजपा के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार के लिए पार्टी के कार्यकताओं को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय की आत्मा हमारा कार्यकर्ता है। यह सिर्फ भवन का विस्तार नहीं, हर एक कार्यकर्ता के सपनों का विस्तार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, उन पर जब एजेंसियां कार्रवाई करती हैं तो एजेंसियों पर हमला किया जाता है। जब कोर्ट कोई फैसला सुनाता है तो कोर्ट पर सवाल उठाया जाता है। कुछ दलों ने मिलकर भ्रष्टाचारी बचाओ अभियान छेड़ा हुआ है। बता दें यह कार्यालय भाजपा हेडक्वार्टर के सामने बनाया गया है। इसे पार्टी की बड़ी बैठकों और कैंपेन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इसमें संगठन महासचिव और मंत्री स्तर के नेताओं के लिए इस परिसर में रहने की सुविधा भी होगी।

**भ्रष्टाचार पर चोट से देशवासी खुश, विपक्ष को दिक्कत**

उन्होंने कहा कि जब भाजपा आती है तब भ्रष्टाचार भागता है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत कांग्रेस की सरकार (2004-2014) में 5000 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई। इसी एक्ट के तहत भाजपा ने पिछले 9 सालों में 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक संपत्ति जब्त की है। पीएम मोदी ने कहा कि आज देश में लोग भ्रष्टाचार पर चोट से खुश हैं। देशवासी समझता है कि भ्रष्टाचार रुकेगा तभी देश आगे बढ़ेगा, लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को इससे दिक्कत है।

**मोदी के भाषण के कुछ मुख्य अंश**

सन 1984 में जो हुआ देश कभी उसे भूल नहीं सकता। उसके बाद जो चुनाव हुआ उसमें कांग्रेस को बहुमत मिला, लेकिन हम हताश नहीं हुए। हमने फिर से जमीन पर काम किया और अपने संगठन को मजबूत किया। तब जाकर आज हम यहां पहुंचे हैं। 2 लोकसभा सीटों के साथ शुरू हुआ सफर 2019 में 330 तक पहुंच गया। आज कई राज्यों में हमें 50% से ज्यादा वोट मिलते हैं। हम कार्यकताओं की ताकत से सत्ता के शिखर तक पहुंचे, लेकिन हम भले ही शिखर पर पहुंचे हों हमारे पांव आज भी जमीन पर उतने ही हैं जितने 1980 में हुआ करते थे। भाजपा में ऐसे कार्यकताओं की बहुत बड़ी फौज है जो कष्ट उठाकर कर्तव्य भावना से देश सेवा में जुटे रहते हैं। हम जहां भी काम करते हैं टीम वर्क के साथ काम करते हैं।

## हरीश रावत समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता हिरासत में: राहुल के समर्थन में लाल किले के पास मशाल यात्रा निकाल रहे थे

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को मशाल मार्च निकाल रहे कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं को हिरासत में लिया है। कांग्रेसी कार्यकर्त्ता लाल किले के पास ह्यलोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्चह्न के लिए पहुंचे थे। कांग्रेस के सीनियर लीडर हरीश रावत, पी.चिंदबरम को भी हिरासत में ले लिया गया है। हरीश रावत ने कहा कि ये लोकतंत्र की हत्या है। हमने मशालें जलाई, जिन्हें पुलिस ने बुझाने का काम किया। लेकिन हम दिल की मशाल जलाएंगे, हर जुलूम से लड़ेंगे। दरअसल, कांग्रेस पार्टी ने राहुल की सांसदी खत्म करने के विरोध में मशाल यात्रा निकालने का निर्णय लिया था। जब पार्टी के नेता और कार्यकर्त्ता लाल किले के पास पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें मशाल जुलूस निकालने की परमिशन नहीं दी। संसद के दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा मंगलवार को 11वें दिन भी बिना किसी कामकाज के स्थगित हो गए। सुबह 11 बजे सत्र शुरू होते ही अडाणी और राहुल के मुद्दे पर विपक्ष ने सदन में जमकर हंगामा किया। लोकसभा में कुछ सांसद वेल में आ गए और स्पीकर के सामने कागज फाड़ कर फेंक दिए। कुछ ने काले कपड़े भी दिखाए। इसके बाद सदन स्थगित कर दिया गया। इधर, सत्र शुरू होने से पहले मंगलवार सुबह दो बैठकें हुई। पहली- भाजपा संसदीय दल की, दूसरी- कांग्रेस और 16 विपक्षी दलों की। भाजपा सांसदों की बैठक सुबह 10 बजे शुरू हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्?डा, अमित शाह समेत लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसद मौजूद थे। बैठक में नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत पर प्रधानमंत्री को सम्मानित किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री का भाषण हुआ।



| पूर्वानुमान> | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|
| 21° अधिकतम> | 31°c | 32°c | 31°c | 29°c |
| न्यूनतम> | 18°c | 18°c | 19°c | 17°c |

# आईपीएल मैचों के ऐतिहासिक आयोजन के लिए आरसीए पदाधिकारियों ने भी कमर कसी

## कई सालो के बाद आईपीएल का जयपुर में होगा आयोजन

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के ऐतिहासिक सवाई मानसिंह क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होने वाले आईपीएल मैचों के सफल और ऐतिहासिक आयोजन के लिए राज्य क्रिकेट संघ के सभी पदाधिकारी सजग को चौकस हैं। वैसे आईपीएल मैचों के आयोजन के संदर्भ में राज्य क्रिकेट संघ की जिम्मेवारी ग्राउंड को पूरी तरह से तैयार करके आईपीएल फ्रेंचाइजी टीम को देना और मीडिया के लिए पास जारी करना ही प्रमुख रूप से होता है इसलिए सवाई मानसिंह क्रिकेट स्टेडियम में आउटफील्ड, मुख्य पिच और प्रैक्टिस पिच को पूरी तरह से करीब-करीब तैयार कर लिया गया है। कॉमेंटेटर बॉक्स और मीडिया कर्मियों के लिए निर्धारित बैठने के स्थान पर सभी तरह की सुविधाएं सुनिश्चित कर दी गई है। मैदान में मैच देखने आने वाले दर्शकों को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए राज्य क्रिकेट संघ ने खास प्रबंध किए हैं। खाने-पीने की व्यवस्था के अलावा शौचालय इत्यादि की व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा के माकूल प्रबंध होंगे इसके लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव से राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारी नियमित रूप से संपर्क में है। खेल प्रेमी जितनी उत्सुकता से इन आईपीएल मैचों के आयोजन का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं उससे कहीं ज्यादा इन मैचों के आयोजन के लिए राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारी भी काफी खुश और उत्साहित हैं वजह यही है कि जयपुर में आईपीएल में करीब 4 साल बाद हो रहे हैं इसलिए राज्य क्रिकेट संघ इस बार कुछ ज्यादा ही इन मैचों के आयोजन के लिए उतावला दिख रहा है इसके अलावा राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वैभव गहलोत दूसरी बार आरसीए के अध्यक्ष बने हैं। खास बात यह है कि इस बार आरसीए की कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है इसलिए आरसीए का कामकाज बिना किसी रुकावट और बाधा के तेजी से आगे बढ़ रहा है। आरसीए के अध्यक्ष वैभव गहलोत, सचिव भवानी सामोता, उपाध्यक्ष शक्ति सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष रामपाल सहित तमाम आरसीए के पदाधिकारी आईपीएल मैचों को काफी गंभीरता से ले रहे हैं, हालांकि पूर्व में भी जयपुर में आईपीएल मैचों का सफल आयोजन हो चुका है लेकिन इस बार आरसीए की कार्यकारिणी के तमाम पदाधिकारी और सदस्य जिस एकजुटता और सामंजस्य से आपस में बेहतर संवाद के जरिए आरसीए के कामकाज को बेहतर और शानदार ढंग से संपादित कर रहे हैं उससे प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटरों का विकास तो तेजी से हो ही रहा है इसके अलावा कोरोना काल की अवधि में जो राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तरीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तरीय क्रिकेट की प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं हुआ था उन प्रतियोगिताओं का भी अब आयोजन आरसीए की ओर से करवाया जा रहा है जिससे प्रदेश के क्रिकेटर भी खुश हैं और क्रिकेट प्रेमी लोग भी खुश हैं ' इसके अलावा जिस तरह से जयपुर दिल्ली हाईवे पर अचरोल के निकट दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा क्रिकेट ग्राउंड बनकर तैयार हो रहा है उससे भी आरसीए के पदाधिकारियों के चेहरे खिले हुए से दिखने लगे हैं क्योंकि यह क्रिकेट ग्राउंड अपने आप में काफी अहम होगा क्योंकि यह क्रिकेट ग्राउंड आरसीए का अपना क्रिकेट ग्राउंड होगा। राज्य क्रिकेट संघ का अब से पहले अपना खुद का क्रिकेट का ग्राउंड नहीं था सवाई मानसिंह क्रिकेट स्टेडियम राज्य क्रीड़ा परिषद के तहत आता है इसलिए इस मैदान पर मैच आयोजन करवाने के लिए आरसीए को निर्धारित फीस की रकम राज्य क्रीड़ा परिषद को जमा करानी पड़ती है उसके बाद ही उसे ग्राउंड मिलता रहा है लेकिन अब जिस तरह से अचरोल के निकट जो ग्राउंड बन रहा है वह आरसीए का अपना ग्राउंड है जिसके बाद आरसीए को क्रिकेट मैचों के आयोजन के लिए राज्य क्रीड़ा परिषद की ओर ग्राउंड के लिए नहीं देखना पड़ेगा।



फाइल फोटो


### आईपीएल मैचों को लेकर आरसीए पूरी तरह से तैयार : सचिव भवानी सामोता

राज्य क्रिकेट संघ के सचिव भवानी सिंह सामोता ने बताया कि करीब 4 साल बाद जयपुर में हो रहे आईपीएल मैचों के लिए आरसीए पूरी तरह से तैयार है इन मैचों के संदर्भ में राज्य क्रिकेट संघ के पास जो जो काम और जिम्मेदारियां हैं उन्हें करीब-करीब निपटा दिया गया है स्टेडियम भी पूरी तरह से तैयार है ' आरसीए के अध्यक्ष वैभव गहलोत नियमित रूप से इन मैचों के सफल आयोजन के लिए मॉनिटरिंग कर रहे हैं। आरसीए की पूरी टीम आईपीएल मैचों को लेकर अपने-अपने काम में मुस्तैदी से जुटी हुई है।

## पंचाग

**दिनांक 29 मार्च 2023 बुधवार**
**विक्रम संवत2080चैत्र शुक्ल पक्ष**

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | अष्टमी | 21:06:39 | |
| पक्ष | शुक्ल | | |
| नक्षत्र | आद्रा | 20:05:41 | |
| योग | शोभन | 24:10:50 | |
| करण | विष्टि भद्र | 08:01:10 | |
| करण | बव | 21:06:39 | |
| चन्द्र राशि | मिथुन | | |
| सूर्य राशि | मीन | | |
| दिशा शूल | उत्तर | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:22:40 | |
| सूर्यास्त | 18:41:03 | | |
| चंद्रोदय | 11:44:16 | | |
| चंद्रास्त | 26:17:17 | | |
| राहू काल | 12:32-14:04 | | |
| शुभ चोघडिया | | | |
| लाभ | 06:23-07:55 | | शुभ |
| अमृत | 07:55-09:27 | | शुभ |
| शुभ | 10:59-12:32 | | शुभ |
| चर | 15:36-17:09 | | शुभ |
| लाभ | 17:09-18:41 | | शुभ |



**विशेष जानकारी:-**
**श्रीदुर्गाष्टमी :-आज**
**श्रीराम नवमी:-कल**

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

# राइट टू हेल्थ बिल की विसंगतियों को लेकर निजी चिकित्सा कर्मियों, नर्सिंग कर्मियों ने निकाली रैली

## राईट टू हेल्थ बिल की विसंगतियों को लेकर भी प्राइवेट चिकित्सकों में दिखा रोष




### राइट टू हेल्थ बिल की विसंगतियों को सरकार करें दूर



गरीबों का सितारा

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राइट टू हेल्थ बिल की विसंगतियों को लेकर सोमवार को प्राइवेट चिकित्सकों में काफी रोष देखने को मिला गत दिनों भी क्षेत्र के स्थानीय चिकित्सकों ने जयपुर में प्रदर्शन कर रहे प्रदेश के चिकित्सकों पर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करने के विरोध में चिकित्सकों ने शांतिपूर्वक कैंडल मार्च भी निकाला था सोमवार को राइट टू हेल्थ बिल की विसंगतियों को लेकर निजी चिकित्सा कर्मियों, नर्सिंग कर्मियों ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया उक्त रैली का प्रारंभ जय क्लीनिक हॉस्पिटल से हुआ जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए चांद गेट गांधी सर्किल पर पहुंची उक्त रैली में आईएमए के सभी सदस्यों व स्थानीय निजि चिकित्सालयों के चिकित्सक विद्यमान रहे रैली के दरमियान निजी डॉक्टर नारे लगा रहे थे कि सरकार के द्वारा पारित यह काला बिल वापस लेवे साथ ही डॉक्टरों का यह भी कहना था कि राइट टू हेल्थ बिल के विरोधी नहीं है लेकिन उक्त बिल की विसंगतियों को दूर करना अति आवश्यक है साथ ही उनका कहना है कि सर्वोच्च अदालत के विभिन्न कई निर्णयो में बार-बार यह कहा गया है कि संविधान के आर्टिकल 21 में प्रदत्त राइट टू लाइफ में राइट टू हेल्थ अपने आप ही निहित हैं इसलिए अलग से कानून बनाकर स्वास्थ्य क्षेत्र के संचालन को जटिल नही बनाया जाना चाहिए रैली के दरमियान डॉक्टरों का यह भी कहना था कि सारे प्रावधान विभिन्न कानूनों के माध्यम से पहले से मिले हुए हैं फिर यह राइट टू हेल्प बिल नया क्यों सरकार हमारी सुनो और राइट टू हेल्थ बिल वापस लो के नारे भी लगाए गए उक्त अवसर पर निजी चिकित्सकों का यह भी कहना था कि सरकार द्वारा बार-बार यह कहा जा रहा है कि प्रस्तावित राइट टू हेल्थ बिल डब्ल्यूएचओ एवं सर्वोच्च अदालत के निदेशों के अनुरूप है यदि यह सत्य है तो डब्ल्यूएचओ अथवा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के ऐसे किसी आदेश को सार्वजनिक किया जाए उक्त रैली में डॉ प्रदीप शारदा,डॉ सी पी सिंहल, डॉ गंगवाल,डा प्रदीप जैन,डॉ बी सी सोढ़ी, डॉ दिलीप टाक, दिलीप चौधरी, डॉक्टर गोविंद नाटानी, डॉक्टर मलिक ,डॉ एम पी गोयल, डॉ जितेंद्र हरवानी, डॉ राजकुमारी नाटानी, डॉ लोकेश, डॉ नरेंद्र आनंददानी, डॉ जलश, डॉ राठी, ,डॉ जगजीत जैन, डॉ अलानूर खान डॉ राकेश शर्मा, डॉ विमल सोनीः डॉ क्षमा शील गुप्ता, डॉ आरआर हेड़ा, डॉ आशीष गुप्ता ,डा प्रमोद सक्सेना, डॉ . डॉक्टर कल्पना जैन, डॉक्टर अनिता शर्मा, डा. प्रकाश इत्यादि चिकित्सक विद्यमान रहे साथ ही बहुसंख्यक प्राइवेट क्षेत्र नर्सिंग कर्मियों ने भी उक्त बिल के विरोध में उपस्थिति दर्ज कराई।

# 15 वीं ऑल इंडिया रेलवे हेन्डबाल (महिला एवं पुरुष) चैम्पियनशिप 2023 का समापन






### पुरुष एवं महिला, दोनों वर्गों में उत्तर रेलवे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर लहराया परचम

### प्रेमचंद लोचब कार्यकारी निदेशक खेलकूद/रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली ने किया पुरस्कार वितरण

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ द्वारा के. पी. सिंह स्टेडियम, गणपति नगर, जयपुर में आयोजित 15 वीं ऑल इंडिया रेलवे हेन्डबाल (महिला एवं पुरूष) चैम्पियनशिप 2023 का समापन हुआ। इस चैम्पियनशिप के महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में उत्तर रेलवे की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्री प्रेमचंद लोचब, कार्यकारी निदेशक, खेलकूद/रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरण किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार 15 वीं ऑल इंडिया रेलवे हेन्डबाल (महिला एवं पुरूष) चैम्पियनशिप 2023 में उत्तर रेलवे, पश्चिम रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवे, रेलवे बोर्ड, डीजल लोकोमोटिव वर्क्स की हैन्डबाल टीमों ने भाग लिया। चैम्पियनशिप में 8 पुरूष और 5 महिला वर्ग की टीमों के कुल 112 पुरूष व 65 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में उत्तर रेलवे ने पूर्वोत्तर रेलवे को 24:22 से एवं महिला वर्ग में भी उत्तर रेलवे ने पूर्वोत्तर रेलवे को कांटे की टक्कर में 21:20 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष एवं महिला वर्ग में क्रमशः बनारस लोकोमोटिव वर्क्स, वाराणसी एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन के अवसर पर श्री सुनील गुप्ता, सीपीटीएम व उपाध्यक्ष-उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ, अनुज कुमार तायल, उपमहाप्रबंधक (सामान्य) व महासचिव-उत्तर पश्चिम रेलवे खेलकूद संघ, वरिष्ठ खेल अधिकारी (ध्यान चंद अवॉर्डी) राम कुमार, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर/रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड रविंद्र बुडानिया सहित अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# घर पर फंदा लगाकर विवाहिता ने की आत्महत्या, पीहर पक्ष के आने के बाद होगा पोस्टमार्टम



**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे की रामेश्वरम कॉलोनी में 39 वर्षीय विवाहिता मंजू पत्नी राजकुमार जांगिड़ ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसको परिजनों ने फंदे से उतारकर रींगस के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। हेड कांस्टेबल नागर मल सैनी ने बताया कि रींगस सीएचसी से विवाहिता द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिली, जिस पर सीएचसी पहुंचकर मृतका के शव को सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया और पीहर पक्ष को सूचना दी गई। पीहर पक्ष के आने के बाद मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। वहीं पुलिस विवाहिता के आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

# प्रस्तावित ऊर्जा नीति में प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम सेक्टर की भी तय होगी भूमिका, निदेशक, पेट्रोलियम की अध्यक्षता में गठित सबग्रुप देगा सुझाव



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम एवं पीएचईडी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश की प्रस्तावित ऊर्जा नीति 2050 में प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम सेक्टर की भूमिका भी तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि विद्युत क्षेत्र में नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने में इस सेक्टर की प्रमुख भूमिका है। एसीएस माइंस डॉ. अग्रवाल मंगलवार को ऊर्जा पर्यावरण और जल परिषद ( सीईईड्ब्ल्यू) द्वारा प्रस्तावित ऊर्जा नीति 2050 के संबंध में प्रजेटेंशन के दौरान यह बात कही। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम सेक्टर की भूमिका व प्रभाव पर सुझाव देने के लिए निदेशक पेट्रोलियम श्री संदेश नायक की अध्यक्षता में एक सब ग्रुप बनाया जाएगा जिसमें एमडी आरएसजीएल श्री रणवीर सिंह के अलावा ओएनजीसी, ऑयल इंडिया, केयर्न, खाद्य विभाग, बीपीसीएल एवं आईओसीएल के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सब ग्रुप प्राकृतिक गैस व पेट्रोलियम क्षेत्र के तहत प्रदेश में एक्सप्लोरेशन, ड्रिलिंग, डिपोजिट्स के साथ ही मांग व आपूर्ति के संबंध में आवश्यक सुझाव देगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल के खोज व दोहन मेंअग्रणीप्रदेश है। जीरो नेट ऊर्जा के लक्ष्यों को व्राप्त करने के लिए इस सेक्टर की भी भूमिका रहेगी। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि विस्तृत विजन के साथ प्रस्तावित नीति को तैयार करना होगा। इसमें वर्ष 2050 में विभिन्न सेक्टरों यथा घरेलू, कृषि, उद्योग आदि सेक्टरों में संभावित मांग, उपलब्धता का डेटा बेस तैयार कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से दूरगामी नीति तैयार करनी होगी ताकि राज्य की भावी संभावनाओं को देखते हुए इसे धरातल पर लाया जा सके। उन्होंने कहा कि जितना एजम्पसन व्यावहारिक होगा उतनी ही नीति व्यावहारिक बन सकेगी। बैठक में सीईईड्ब्ल्यू के प्रतिनिधि दिशा अग्रवाल और श्री जाइद अहसान खान ने पीपीटी प्रजेटेंशन के माध्यम से प्रस्तावित ऊर्जा नीति के विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित नीति के लिए पांच सब ग्रुप बिल्डिंग, पॉवर, उद्योग, ट्रांसपोर्ट और एग्रीकल्चर ग्रुप के सुझावों का समावेश किया जा रहा है।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा बैठक : सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता ढंग से समय पर हों पूरे: प्रमुख शासन, सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री वैभव गालरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य बजट 2021-22, 2022-23 की क्रियान्विति की समीक्षा और बजट 2023-24 की घोषणाओं के कार्यों की स्वीकृति व निविदाएं आंमत्रित करने के संबंध में चर्चा हुई। श्री गालरिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तय समयावधि में संवेदकों से कार्य पूर्ण करवाकर उन्हें समय पर भुगतान करवाना सुनिश्चित करें और जो संवेदक कार्य समय पर नहीं कर पा रहे हैं उनपर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों की निविदाएं समय पर जारी हों। श्री गालरिया ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक गांव तक सुगम और बेहतर सड़क का निर्माण हो इसलिए सभी अधिकारी गंभीरता से कार्यों को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। श्री गालरिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्राी श्री अशोक गहलोत की मंशानुरूप प्रदेशवासियों को विभाग के विकास कार्यों का शीघ्र लाभ मिले, इस हेतु अगले माह कार्यों को जमीनी स्तर पर उतारा जाएं। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता उचित मानकों के अनुरूप करवाना सुनिश्चित करें।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## उपखण्ड अधिकारी मृदुल सिंह ने कारण बताओ नोटिस थमाया

गरीबों का सितारा



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर के वन विभाग कार्यालय के रेंजर जोगेन्द्र सिंह शेखावत को उपखण्ड अधिकारी मृदुल सिंह ने कारण बताओ नोटिस थमाया है। इस नोटिस का जवाब बुधवार तक देना होगा। यह नोटिस रविवार रात्रि में वन विभाग के कार्यालय में चल रही शराब पार्टी को लेकर थमाया है। वन विभाग के रेंजर जोगिंदर सिंह शेखावत रविवार को शराब पार्टी में मशगूल वीडियो में दिखाई दे रहे थे उसी मद्देनजर रखते हुए उपखंड अधिकारी श्री सिंह ने शेखावत को कारण बताओ नोटिस थमाया जिसका जवाब शेखावत को त्वरित गति से देना है अब देखने वाली बात यह है कि कारण बताओ नोटिस तो शेखावत को थमा दिया गया है लेकिन वन विभाग के आला अधिकारी क्या कार्रवाई करेंगे यह तो कुछ दिनों में परिलक्षित हो ही जाएगा लेकिन एक विचारणीय बिंदु यह भी है शेखावत खुद उस पार्टी में शामिल था फिर भी किसी तरह की पार्टी नहीं चल रही थी इस तरह के बयान शेखावत प्रस्तुत कर रहा है यह बहुत ही गंभीर बिंदु है।

## बदनोर थाने के अंतर्गत पड़ासोली चौराहे के पास सड़क दुर्घटना में एक महिला की हुई मौत

गरीबों का सितारा

**आसींद।** भीलवाड़ा बदनोर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आसींद निवासी निर्मल पिता डालचंद ने रिपोर्ट दी कि उनका पुत्र सिद्धार्थ चोरड़िया व पत्नी विमला देवी दोनों स्कूटी से परा से आसींद आ रहे थे कि रास्ते में पड़ासोली चौराहे के पास पूर्ण गुर्जर के मकान के सामने अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने पीछे से आकर गलत दिशा में टक्कर मार दी जिससे मेरी पुत्र व पत्नी घायल हो गए घायल को आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर मेरी पत्नी ने दम तोड़ दिया वही शव को आसींद मोर्चरी में रखवाया गया।

## भीलवाड़ा मे मंत्री के क्षेत्र मे ऐसा सरकारी स्कूल जहां 21 साल से एक ही शिक्षक, विद्यार्थी नहीं लिख सकते स्कूल का नाम

गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में सरकार शिक्षा के लिए कई नवाचार करते हुए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है ताकि हर बच्चे को गांव गांव ढाणी ढाणी तक शिक्षा मिले लेकिन आश्चर्य की बात है कि राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के राजस्थान सरकार के राजस्व मंत्री के विधानसभा क्षेत्र मांडल ब्लॉक में ऐसा स्कूल है जहां 21 साल से मात्र एक शिक्षक है और विद्यार्थियों की स्थिति यह है कि उन्हें अपने स्कूल का नाम हिंदी तक में नहीं लिखना आता जो सरकार के साथ-साथ विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली की पोल खोलता है। भीलवाड़ा जिले के तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट राजस्व मंत्री रामलाल जाट के विधानसभा क्षेत्र मांडल के मांडल ब्लॉक में स्थित टंहुका ग्राम पंचायत मैं स्थित भीलो का खेड़ा राजकीय प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित जनजाति एवं जनजाति के करीब 35 विद्यार्थियों का नामांकन है और इस विद्यालय में टंहूका गांव निवासी जो स्कूल से मात्र 2 किलोमीटर दूर गांव में के शिक्षक सुरेश कुमार नियुक्त हैं 21 सालों में उनका तबादला कहीं भी नहीं हुआ और वैसे स्कूल में पद स्थापित हैं और इस विद्यालय की स्थिति यह है कि यहां कोई चौपहिया वाहन नही जा सकता इस विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अपने विद्यालय का नाम हिंदी में और अंग्रेजी में तक लिखना नहीं आता है । यह चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ जब जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (मुख्यालय)(ऊएड) डॉक्टर महावीर शर्मा 3 दिन पूर्व शनिवार को मोटरसाइकिल लेकर उस गांव में उसी स्कूल में निरीक्षण के लिए गए और वहां जाकर देखा और विद्यार्थियों से पूछा तो यह खुलासा हुआ । यह चिंताजनक स्थिति देखकर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ शर्मा ने तत्काल संबंधित मांडल ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मधु सामरिया को अवगत कराते हुए 1 सप्ताह तक इस विद्यालय पर नजर रख रिपोर्ट मांगी है इसी के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डॉ महावीर शर्मा ने इस संबंध में उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया है। आश्चर्य की बात यह है कि शिक्षा विभाग में इन सब पर निगरानी रखने के लिए व्यवस्थाओं के तहत जिला शिक्षा अधिकारी नीचे स्तर पर संकट के रूप में सीबीईओ और उसके बाद तीन और अधिकारी उनके नीचे लगा रखे हैं लेकिन इसके बाद भी दूरदराज की स्कूलों की यह हालत है यह तो एक मात्र भीलवाड़ा जिले का उदाहरण है राजस्थान में ऐसे और भी कई स्कूल है जहां की कमोबेश स्थिति यही हो सकती है

## शंभूगढ़ थाने के अंतर्गत किसान की खेत पर डाली काटते समय पैर फिसलने से हुई मौत

गरीबों का सितारा

**आसींद/ भीलवाड़ा।** शंभूगढ़ पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बालूराम पिता रामा भील निवासी फतेहपुरा ने रिपोर्ट दी कि 28 तारिक मगलवार को उनका बड़ा भाई भंवर पिता रामा भील उम्र 40 साल निवासी बाला जी की डाग फतेहपुरा सुबह करीब 9:00 बजे अपने खेत में बकरियां के लिए डाली काट रहा था कि अचानक पैर फिसल कर नीचे गिरने से घायल हो गए घायल को आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया वहीं शव को मोर्चरी में रखवाया शंभूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची जांच कार्य आरंभ की।

## भारत विकास परिषद् राठ शाखा की नई कार्यकारिणी गठित



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** भारत विकास परिषद् राठ शाखा बहरोड़ की कार्यकारिणी के सत्र 23-24 के चुनाव प्रान्तीय प्रकल्प प्रभारी प्रकाश जांगिड़ की देखरेख में महावर भवन में निर्विरोध निर्विरोध सम्पन्न हुए।संगठन मंत्री देवेन्द्र यादव ने चुनाव कार्य की व्यवस्था की। राठ शाखा के उपस्थित 42 सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष सत्यवीर यादव, सचिव रोहिताश्व गुप्ता और कोषाध्यक्ष गोपाल शर्मा को चुना। सुभाष मीना ने निर्वाचित पीएसटी को बधाई देते हुए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने आगामी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

पुलिस कार्यशैली पर सवाल...

# सदर पुलिस थाना अलवर में नामजद मामला दर्ज होने के 12 दिन बाद भी आरोपीयों को नहीं किया गया गिरफ्तार

## ईशवाना ग्राम वासी 27 मार्च को इस सम्बन्ध में मिल चुके अलवर कलेक्टर और अलवर एसपी से

### अलवर एसपी ने दो तीन दिन मे ही कार्यवाही करने का आशवासन दिया है : शिवलाल मीना अलवर सरस डेयरी डायरेक्टर

गरीबों का सितारा







**अलवर।** अलवर जिला मुख्यालय पर स्थित सदर पुलिस थाना में 17 मार्च को नाम जद मुकदमा 302 मे दर्ज होने के बाद भी आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है , इससे पुलिस की कार्यशैली पर भी ग्रामीण लोगो ने सवाल की आशंका जताई है मिडिया के सामने यह मामला मिडिया को ईशवाना गांव वासियो तथा शिवलाल मीना अलवर सरस डेयरी डायरेक्टर ने तथा कालू राम पुत्र श्री देवपाल मीना ने बताया कि मेरी पुत्र वधु हेमा बाई पत्नी स्व० रामबाबू मीना निवासी ग्राम ईशवाना तहसील रैणी हाल निवासी भूगोर बाईपास रामनगर अलवर में निर्मला देवी पत्नी अर्जुन लाल मीना के मकान में गत करीब 3--4 वर्ष से अपनी मां लक्ष्मी देवी के साथ रहती थी इन्होने 2 महिने पहले बुर्जा मालीबास में एक प्लाट खरीद किया था जिसकी रजिस्टी के लिए रूपयों की आवश्यकता होने से हेमा देवी अपने निवास ग्राम ईशवाना से अपने ससुर प्रार्थी से 5,50,000 रुपए लेकर आयी थी . इन पैसो का मकान मालकनी निर्मला देवी को पता था जिसके बाद इन्होंने प्लानिंग करके पैसे निकाल लिये तथा निर्मला देवी व उसके परिवारजन ने प्रार्थी की पुत्र वधु हेमाबाई व उसकी मां के साथ मारपीट की व निर्मला देवी ने अन्य लोगो सहयोग से व उनकी सह पर मेरी पुत्र वधु हेमा बाई को जहर पिला दिया उसके बाद पडौसी हॉस्पिटल लेकर आये लेकिन हेमा बाई की मृत्यु हो गयी है जिसकी प्रथम सूचना रिपोट प्रार्थी ने पुलिस थाना सदर अलवर में 17.3,2023 को दर्ज कराई तथा पुलिस को निर्मला देवी के द्वारा चोरी किया गया , बक्शा उसके घर पर मिल गया , लेकिन पुलिस ने बरामद नहीं किया गया और पुलिस मुलजिमान को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है, उक्त निर्मला देवी व उसकी पुत्री हनीट्रेप का कार्य करती है जिनके विरुद्ध अन्य भी कई मुकदमे धोखाधडी व 376 जैसे आपराधिक मामले भी दर्ज है यह सब जानकारी मिडिया को पीडित प्रार्थी के गांव वासियो के द्वारा दी गई है और मिडिया को अन्य कई धोखाधड़ी के मामलो के बारे मे भी बताया। मिडिया को यह सारी जानकारी शिवलाल मीना अलवर सरस डेयरी डायरेक्टर व कालूराम मीना सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण नागरिको द्वारा दी गई और मृत हेमा देवी के दो छोटे छोटे अनाथ बच्चो के द्वारा भी बताया गया है। ग्रामीण लोगो ने मिडिया के माध्यम से पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियो से अपील की है इन बेचारे अनाथ (माता-पिता दोनो ही मर गए) नन्हे मुन्हे बच्चो को न्याय दिलाने का श्रम करे जिसे पुलिस के प्रति समाज मे एक सकारात्मक संदेश जाए।

बूथशक्ति कार्यशाला का हुआ आयोजन

# पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी पहुंचे रामगढ





गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रामगढ़ मे मंगलवार को रामगढ़ कस्बे के गोविंदगढ़ मोड़ पर स्थित अग्रवाल धर्मशाला रामगढ़ में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा रामगढ़ की सशक्त बूथ शक्ति करण कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने की कार्यशाला में पूर्व प्रदेश मंत्री आदरणीय अरुण चतुर्वेदी ने संगठन के विषय में विस्तार से चर्चा की विशेष तौर से आगामी 10 दिन के लिए नमो वॉलिंटियर हर बूथ पर जाकर बूथ समिति सत्यापन पन्ना प्रमुख सत्यापन का कार्य करेंगे एवं पार्टी को मजबूती मिले इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई कार्यशाला में पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहुजा का भी सानिध्य मिला जिला प्रभारी रोशन लाल सैनी और पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्र जीत सिंह पाटा , पूर्व जिला अध्यक्ष संजय सिंह नरूका जिला उपाध्यक्ष प्रमोद विजय जिला मंत्री देशराज जिलामंत्री रमन , विधान सभा विस्तारक दीप राम घूमना, वालिंटियर कमल राम , मंडल अध्यक्ष सचिन पालीवाल देवराम शर्मा हरि सिंह सोलंकी राजेश राठी, जय आहुजा, छोटे लाल चौधरी गोपाल ठेकेदार, जवाहर तनेजा, रीता सेठी, जे पी जाटव,राजकुमार तीथानी नरेंद्र चौधरी रविंद्र सिंह महावीर जैन दयानंद शर्मा रवि कपूर जगदीश शर्मा सुरेश चौधरी, दिलीप चौधरी,सरिता राज पार्षद, जे पी गुर्जर, सुभाष अमर चंद सैनी , रतन सिंह सरदार, अंकित चौधरी,जगमोहन सोनी जगराम जाटव नंदराम गुर्जर, मखना राम, फूल सिंह, रामकिशन सैनी, मनोज सोनी, नवीन यादव, रामोतार जांगिड़, रविकांत हिंदू, बनेसिंह जाखड़, गौरव सोनी, शिवम शर्मा, बादल, शमशेर यादव, नितेश शर्मा, दिनेश चौहान, दीनबंधु शर्मा, संजय गोयल, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे मंच संचालन जिला महामंत्री रामअवतार चौधरी ने किया अंत में रामगढ़ मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने सभी का कार्यशाला में आने का धन्यवाद एवम आभार व्यक्त किया ।मिडिया को यह सारी जानकारी रामगढ से अमित कुमार भारद्वाज के द्वारा दी गई है।

## माता-पिता और गुरु का जीवन में प्रथम स्थान होता है



**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** सहाड़ा में चामुंडा माता प्रांगण में नो दिवसीय भव्य संगीतमय श्री राम कथा के छठे दिवस में आचार्य विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि संसार में सबसे कीमती और अमूल्य वस्तु माता पिता गुरु और प्रभु है । इनके वचनों के प्रति पूर्ण निष्ठा रखते हुए व्यक्ति को आगे बढ़ना चाहिए। प्रभु श्री राम इसके सबसे सटीक उदाहरण है। जिन्होंने अपने जीवन में माता पिता गुरु और प्रभु के चरणों में हमेशा प्रेम ,अनुराग रखा और अपने पिता के दिए गए वचनों की पूर्ण पालना की। रामचरितमानस हमें मातृ पितृ व गुरु देवो भव की धारणा से अवगत करा कर हमारे जीवन को धन्य बनाने का एक असीम प्रयास करता है । तुलसीदास द्वारा कृत रामचरितमानस में श्री राम मयार्दा पूर्वक इन सभी का पूर्ण पालन करते हैं। संगीत में श्री राम कथा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुष वर्ग आ रहे हैं और कथा का आनंद ले रहे हैं।

## गंगापुर में रामकथा में केवट प्रसंग ने लोगो को किया भावविभोर



गरीबों का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** श्री बजरंग कीर्तन सांस्कृतिक कला मंडल द्वारा आयोजित रामकथा में केवट प्रसंग ने लोगों को भाव विभोर कर दिया । भगवान राम जब वनवास जाते तब नदी पर करने के लिए नाव की जरूरत पड़ती तो नाविक केवट से भगवान राम नदी पार करवाने का आग्रह करते तब केवट कहता कि पहले में आपके पैरों को धोने का बाद ही नाव में बैठने दूंगा क्योकि आपके पैरों में जादू है आपने पत्थर की अहिल्या को वापस जीवित कर दिया था कही मेरी नाव को पत्थर को बना दो तो भगवान राम केवट की समझदारी को समझ गए कि ये बडा ही चतुर है आपसे कुछ नही ले सकता हु । ईसलिये प्रभु जब हम बैकुठ में आये तब आप भी हमे भव पार करवा देना। रामायण के इस प्रसंग से भक्तगण भाव विभोर हो गए व्यास पीठ पर विराजमान पण्डित आनंद कृष्ण शास्त्री के मुखारबिंद से चल रही रामकथा में सेकड़ो धर्म प्रेमी सज्जन पधार रहे है रामकथा की पूणार्हुति 30 तारीख गुरुवार को होगी। मंडल सदस्य मदनलाल तेली ने बताया कि 30 तारीख को ही कलश स्थापना, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## ब्रजभूमि कल्याण परिषद और गीता परिवार ने चिकित्सकों के आंदोलन राइट टू हेल्थ के विरोध को दिया पूर्ण समर्थन

गरीबों का सितारा





**रुपेश शर्मा।** आज डॉ पंकज गुप्ता के नेतृत्व में ब्रजभूमि कल्याण परिषद और गीता परिवार की टीम आईएमए हॉल में डॉक्टर के राइट टू हेल्थ के विरोध आंदोलन में शामिल हुई और उन्होंने अपना पूर्ण समर्थन इस विरोध को प्रदान किया इस मौके पर बोलते हुए प्रिबगोम इंडो आईवीएफ टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के संचालक और ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता ने कहा कि किसी भी सरकार का उद्देश्य अपने नागरिकों को सुरक्षा, बिजली की लगातार आपूर्ति, बढिया पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम, बेसिक हाइजीन, साफ-सुथरे शहर, पीने का साफ पानी, और ऐसा वातावरण जो बीमारी पैदा ना कर सके देना होता है और नेचुरल डिजास्टर की कंडीशन में इमरजेंसी मेडिकल ट्रीटमेंट प्रोवाइड करना होता है राजस्थान की सरकार अपने इन कामों में पूर्ण तरह से फेल होती नजर आती है राजस्थान में अपराधियों का बोलबाला है आमजन सुरक्षित नहीं है कानून और व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है पीने का साफ पानी देने में यह सरकार पूर्ण रूप से विफल है, जगह-जगह पानी का हाहाकार मचा हुआ है , ना ही वह पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम दे पा रही है नाही बेसिक हाइजीन दे पा रही है और ना ही साफ-सुथरे शहर दे पा रही है और लोगों को बेवकूफ बनाने के लिए जनता को अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने के लिए यह राइट टू हेल्थ बिल लेकर के आई है जो किसी भी तरह से नागरिकों के लिए फायदेमंद नहीं है और इसके कारण से पिछले 10 दिनों से चिकित्सक समुदाय हड़ताल पर है और आगे भी अगर सरकार इस बिल को वापस नहीं लेती या परिवर्तित नहीं करती तब तक चिकित्सक समुदाय और डॉक्टर और हॉस्पिटल अपनी सेवाएं नहीं देंगे इसके समर्थन में ब्रजभूमि कल्याण परिषद और गीता परिवार अश्वनी जावली ने भी अपने विचार रखे और कहा के चिकित्सक समुदाय ने करोना कॉल में पूरे समाज को कोरोना से बचाकर के कुछ समय में जब परिवार के लोग भी साथ नहीं दे रहे थे उस समय वह चिकित्सक ही थे जिन्होंने सेवा प्रदान की थी वह नरसिंह समुदाय था जिसने सेवा प्रदान की थी सरकार ने उस समय तो सी एच ए की भर्ती कर ली और उनसे सेवाएं ले ली और बाद में उनको उनकी सेवाओं से बेदखल कर दिया यह नरसिंह समुदाय के साथ और करो ना मैं अपनी सेवाएं देने वाली अपनी जान जोखिम में डालकर के कोरोना से लोगों को बचाने वाली नर्सेज के साथ अन्याय है जिसका जवाब आगामी चुनाव में उनको जनता देगी . इस मौके पर ब्रजभूमि कल्याण परिषद के प्रेम प्रकाश शर्मा यशवंत कुमार गुप्ता मनोज कुमार शर्मा हरिराम शर्मा हरि सिंह चौधरी खुशीराम आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शपथ ग्रहण समारोह : ब्यावर विधानसभा क्षेत्र के सैंकड़ो भाजपा कार्यकर्ता शामिल होने पहुंचे

## राजस्थान के यशस्वी लोकप्रिय प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के शपथ ग्रहण समारोह में दिखाई संख्या बल

गरीबों का सितारा






**ब्यावर, (अनिल सिखवाल) ।** राजस्थान के यशस्वी लोकप्रिय प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के शपथ ग्रहण समारोह ब्यावर विधानसभा क्षेत्र के सैंकड़ो भाजपा के कार्यकर्ता शामिल होने जयपुर के भाजपा कार्यालय पहुंचे इसी कार्यक्रम को लेकर ब्यावर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं स्थानों से बसे एवं बहुसंख्यक छोटी कारें भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री अभिषेक सिंह एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रसून शुक्ला के नेतृत्व में जयपुर पहुंचे। ब्यावर के भाजपा के समर्थक एवं कार्यकर्ता सुबह 8 बजे से ही दादी धाम स्थित सेंट्रल एकेडमी से एकत्रित होकर वाहन रैली के रुप में ब्यावर से जयपुर के लिए कूच किए सभी भाजपा के समर्थक एवं कार्यकर्ता पूर्ण उत्साह और उमंग के साथ ब्यावर से रवाना हुए। जयपुर पहुंचने पर अभिषेक सिंह एवं प्रसून शुक्ला ने प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी से मुलाकात कर उन्हें किसान मोर्चा की ओर से हल भेंटकर बधाई एवं शुभकामना दी। इस मौके पर आशीष अग्रवाल, मंजू जांगिड़, जसवंत बाना, जसपाल बाना, डॉ. मुकेश जांगिड़, सावन वसीटा, चंपालाल जांगिड़, शंकरसिंह, मुकेश झंवर, शैलेश सेनी, डा अनुराग जटिया, श्रवणसिंह भाटी, किशोर सिंह, नरेंद्र चौहान, नेमीचंद शर्मा, ज्योत्सना चौहान, उज्जवल भटनागर, रसूल खान, पंकज शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता विद्यमान थे। उक्त अवसर पर भाजपा देहात महिला मोर्चा मंत्री मंजू जांगिड़ ने भी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को बधाई दी भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह भाटी भी भाजपा के कार्यकताओं में उत्साह वर्धन करते नजर आए इसी तरह भाजपा नेता महेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में भी बहुसंख्यक कार्यकर्ता जयपुर पहुंचे। सोमवार सुबह 7 बजे कृषि मंडी तिराहा पर एकत्रित होकर वाहन रैली के रूप में ब्यावर शहर से होते हुए जयपुर रवाना हुए। सुखदेव सिंह रावत, सरपंच हरिसिंह, भंवरसिंह, पार्वती देवी, पिंटू चौधरी, गोरधन सिंह, किशोर सिंह, रतन गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता विद्यमान रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# संयुक्त राष्ट्र में सुधार की भारत की मांग जायज

विश्व की जरूरतों को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र के सांगठनिक ढांचे में तत्काल सुधार आवश्यक है। भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र में रिफॉर्म की मांग कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र का गठन 1945 में हुआ था, तब से अब तक लगभग सात दशक में विश्व में बहुत कुछ बदल चुका है, वैश्विक चुनौतियां बदल चुकी हैं, वैश्विक पावर सेंटर में परिवर्तन आ चुका है, वैश्विक मुद्दों पर देशों के नजरिये में बदलाव आ चुका है, ग्लोबल जियो पॉलिटिक्स में काफी बदलाव आ गया है, ऐसे में वक्त की मौजूदा जरूरत के हिसाब से संयुक्त राष्ट्र में अविलंब सुधार किया जाना चाहिए। वैश्विक आकांक्षाओं की लंबे समय से अनदेखी के चलते संयुक्त राष्ट्र धीरे धीरे अपनी प्रासंगिकता खो रहा है। इसलिए भारत, जापान, जर्मनी, ब्राजील जैसे देशों की जायज मांगों पर गौर किया जाना चाहिए। भारत ने मांग की है कि संयुक्त राष्ट्र के मंच पर विकासशील देशों और गैर-प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों की आवाज को उचित स्थान दिलाने के लिए इस विश्व निकाय की सुरक्षा परिषद की स्थायी और गैर-स्थायी श्रेणियों में विस्तार 'बेहद आवश्यक' है। दोनों श्रेणियों का विस्तार सुरक्षा परिषद के निर्णय लेने की गति को समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप लाने का एकमात्र तरीका है। अंतरसरकारी वार्ताओं (आईजीएन) पर पूर्ण अनौपचारिक बैठक में भारत ने कहा है कि 'हमें एक ऐसी सुरक्षा परिषद की आवश्यकता है जो आज संयुक्त राष्ट्र की भौगोलिक और विकासात्मक विविधता को बेहतर ढंग से दर्शाती हो। एक ऐसी सुरक्षा परिषद की आवश्यकता है, जहां विकासशील देशों और अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया तथा प्रशांत क्षेत्रों की व्यापक आबादी सहित गैर-प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों की आवाजें अपना उचित स्थान पा सकें।' यह पहली बार नहीं है जब भारत ने यूएन की सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता में विस्तार की बात उठाई है। 15 देशों की सदस्यता वाली सुरक्षा परिषद में फिलहाल 5 स्थायी सदस्य - चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका और 10 निर्वाचित गैर-स्थायी सदस्य हैं, जिनकी गैर-स्थायी सदस्यता दो साल के लिए होती है। भारत ने पिछले साल दिसंबर में परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया है। भारत और जी-4 के अन्य तीन देशों- ब्राजील, जर्मनी और जापान ने बार-बार कहा है कि आईजीएन में खुलेपन और पारदर्शिता की कमी है। ग्रुप-4 इस बात पर सहमत हैं कि सुरक्षा परिषद के आकार को और अधिक वैध और प्रतिनिधि-परक बनाने के लिए इसका विस्तार किया जाना चाहिए। सुरक्षा परिषद के एजेंडे में सांगठनिक रिफॉर्म ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर सात दशकों से अधिक समय से चर्चा नहीं हुई है। विश्व में अनेक मुद्दे हैं, जो केवल स्थाई सदस्यों के भरोसे हल नहीं हो सकतते हैं, इसके अलावा पांचों स्थायी सदस्यों के वैश्विक लक्ष्य व प्राथमिकताएं भी अलग -अलग हो चले हैं, ऐसे में किसी मुद्दे पर सभी का एक सुर में आना मुश्किल हो रहा है। इसका हल यह है कि या तो स्थाई सदस्यता जैसे प्रावधान खत्म कर दिए जाएं और बहुमत से वैश्विम मुद्दों पर फैसला हो। या फिर स्थाई सदस्यता का विस्तार हो और ग्रुप-4 देशों को शामिल किया जाय। विश्व के सभी क्षेत्रों से यूएन में स्थाई प्रतिनिधित्व होना चाहिए। यूएन में सुधार की भारत की मांग जायज है और इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।



जिरहनामा
कनक तिवारी

# वो ही पत्ते हवा देने लगे......

दुनिया में सबसे बहुसंख्यक हिन्दुस्तानी लोकतंत्र पचहत्तर बरस का बुजुर्ग हो गया है। सरकारी गुरूर और जनता को ग़फलत है कि यह आज़ादी का अमृतवर्ष है। हालांकि मौजूदा दौर में हर नागरिक आज़ादी हासिल करने सबसे कठिन पशोपेश में है। नागरिक आज़ादी के भुखमरी, शिक्षा, स्वास्थ्य, भाईचारा जैसे तमाम अनिवार्य मानकों पर भारतीय जीवन नीचे ही फिसल रहा है। यह अलबत्ता है कि इसके बावजूद अवाम में जीने का उद्दाम, जिजीविशा और उसकी लालसा कम नहीं है। वह पहले भी मुश्किलों में जीने का अनुभवी क्या आदी रहा है।

भारतीय अब भी मुकाम तक पहुंचने पूरी मुस्तैदी के साथ आगे बढ़ने हौसलामंद हैं, लेकिन हाशिए पर धकेले जाते हैं। हासिल कुछ हो, न हो नतीजा तो कुछ निकले। दरअसल जिनके मजबूत कांधों के भरोसे लोकतंत्र की इमारत तामीर की गई, उनकी ही चूलें हिल रही हैं। राष्ट्रपति, संसद, प्रधानमंत्री, राज्य सरकारें, चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट, नौकरशाह जैसी तमाम संस्थाओं में निहित स्वार्थी तत्व सेंधमारी कर चुके फलफूल रहे हैं। देश की आधी सार्वजनिक दौलत मुट्ठी भर कॉरपोरेटी ले उड़े हैं। जनता के गाढ़े पसीने की कमाई से बनी दौलत लेकर कई विदेशी भगोड़े हो गए हैं। साफ लिखा है संविधान में कि देश की कुदरती और वन संपत्ति जनता की होने से उसके ही काम आनी है। संविधान को इलहाम नहीं था कि उसके जन-आश्वासनों की पीठ पर कॉरपोरेटी छुरा मारेंगे। हालांकि संविधान में कहा तो गया था कि ये लोग रक्तपिपासु हैं।

संविधान, सरकार और हर पांच साल में चुनाव जीतकर जनता के रहनुमा बनते लोग भी अडानी, अंबानी, वेदांता जैसे बीसियों कॉरपोरेटियों से नहीं बच पाएंगे। राज्यपाल पद का इतना अवमूल्यन होगा कि सत्तानशीन पार्टी के जनआकांक्षाओं में खारिज कर दिए गए हाशिए के सियासतदां और कई गुमनाम तत्व गवर्नर बनाए जाएंगे। वे कुछ काम तो करेंगे लेकिन संविधान की मंशा में कई छेद भी करेंगे। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी ने जैसे उद्धव ठाकरे सरकार को गिरा दिया और एकनाथ शिंदे की ताज़पोशी कर दी। उसकी चुनौती सुनते सुप्रीम कोर्ट तक पशोपेश में है। छत्तीसगढ़ में सरकार और गवर्नर के बीच आरक्षण के मामले में संविधान को दरकिनार कर राजभवन के सामने राजनीतिक प्रदर्शन होते रहे। राज्यपाल द्वारा सरकार से किए जा रहे गोपनीय पत्र व्यवहार को सार्वजनिक किया जाता रहा।

संविधान के नाम पर ली गई शपथ में जबकि इनकी साफ मनाही है। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रहे दिनेश नंदन सहाय खुले आम इसी राज्य के उद्योगपति नवीन जिंदल के हवाई जहाज़ में तफरीह करते रहे। वह सरकार और स्वस्थ परंपराओं की बल्कि संविधान की मुखालफत करना होता था। छत्तीसगढ़ और राजस्थान सरकारें मिलकर हसदेव कछार का पूरा कोयला केन्द्र सरकार के दबाव के कारण अदानी के सुपुर्द किए बैठी हैं। वह भी संविधान के प्रावधानों का खुला उल्लंघन है। लोकतंत्र की बुनियाद तो निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव हैं। फिर भी केन्द्रीय चुनाव आयुक्त के सदस्य के रूप में सरकार ने प्रधानमंत्री की इच्छा के अनुसार अरुण गोयल को नियुक्त किया। उससे तो संविधान को ही सांप सूंघ गया। उस अधिकारी ने शासकीय सेवा से तुरंत इस्तीफा मंजूर करने के लिए गुहार लगाई थी और रिटायरमेंट की राह पर चले नौकरशाह को ही मोदी सरकार ने चुनाव आयुक्त बना दिया। सुप्रीम कोर्ट ने लगभग झल्लाकर आयुक्तों का चयन करने के लिए प्रधानमंत्री, नेता विपक्ष और चीफ जस्टिस की तीन सदस्यों की चयन समिति बना दी। लोग समझ रहे कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी। यह भी




समझना होगा कि इससे प्रधानमंत्री को चीफ जस्टिस को विश्वास में लेकर अपनी मनमर्जी करने की बेहतर स्थिति रहेगी। प्रधानमंत्री के पास देने के लिए राज्य सभा, राज्यपाल जैसे कई पद हर वक्त स्टॉक में रहते हैं।

लिखा होगा संविधान में कि जनता का मूल कर्तव्य है कि हर नागरिक को मानना होगा कि भारत में सर्वधर्म सामासिक संस्कृति का भाईचारा बढ़ाना है। इसके बावजूद मस्जिद के सामने गैरधार्मिक भावना से हनुमान चालीसा का पाठ हो रहा। रामनवमी के जुलूस पर पत्थरबाजी और गोलीबारी की जाए। तो भी सरकार हुल्लड़बाजों और अपराधियों को पकड़ने के बदले उनका बचाव करे। खुले आम दलित बेटी की हत्या और बलात्कार की हाथरस जैसी घटनाएं हों। फिर भी मुलजिमों का बाल बांका नहीं हो। नागरिक आज़ादी का पहरुआ बनकर पत्रकार सामने आएं। तो उन्हें इस तरह गिरफ्तार किया जाए कि सुप्रीम कोर्ट तक को जमानत देने में महीनों, बरसों लग जाएं। इतने अपराध सरकार की शह पर भी हो रहे हैं कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट चाहें तो खुद संज्ञान ले सकते हैं। संविधान में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका का समकोणीय त्रिभुज लोकतंत्र को ही त्रिशंकु बना रहा है।

हर संवैधानिक संस्था पर काबिज ओहदेदार अपने भ्रष्टाचार की मूंछे ऐंठ रहा है। मुख्यमंत्री तो खुद को इतना ताकतवर समझ चुके हैं, मानो जो इतिहास लिखा जाएगा, उसमें उनका दर्जा राणा प्रताप, शिवाजी और टीपू सुल्तान के ऊपर सरकारी किताबों में टीपा जाएगा। पांच किलो का मुफ्त राशन अस्सी करोड़ जनता को जब मिल रहा है, उसे लोकतंत्र का अमृतकाल कहा जाता है। यह अमृत पता नहीं कब तक लोगों को मुफ्त में खाते पीते मुफलिसी झेलनी पड़ेगी। देश की वैज्ञानिक समझ विकसित करने के बदले निज़ाम ने उनके बीच में बागेश्वर बाबा, आसाराम, राम रहीम, रामपाल और न जाने कितने साधु और मुल्ला दिखते मुखौटे छोड़ दिए हैं। उससे लोकतंत्र को फालिज़ हो रही लेकिन नफरत की फसल लहलहा रही। हर संवैधानिक संस्था में जानबूझकर कैंसर के विषाणु इंजेक्ट किए जा रहे। उसे ही भारत का भाग्योदय कहा जा रहा। गांधी कहते थे आजकल की मशीनी सभ्यता ऐसी है जिसमें तपेदिक के हर मरीज को अपने चेहरे की लाली देखकर लगता है कि वह बेहद तंदुरुस्त है। जबकि अंदर ही अंदर उसे मौत के कीड़े खाए जा रहे हैं। पचहत्तर बरस का लोकतंत्र हमउम्र संविधान का सहोदर है। दोनों सुदूर भविष्य के अंधेरे में देख रहे हैं कि कब और कैसे जिंदगी और उसकी सुरक्षा को बचा लिया जाए। कभी नहीं हुआ कि किसी मुल्क की कौम में इतनी पस्तहिम्मती भर दी गई हो कि वह इतना हौसला भी बचाकर नहीं रख पाए कि कैसे अपने दम पर आगे बढ़े कि उसका खात्मा नहीं हो।

लोकतंत्र की बुनियाद तो वे हैं जो अब 140 करोड़ है। आम आदमियों का यह संकुल ही तो भारत है। भारत फकत पेड़, पहाड़, नदियां, समुद्र, पशु पक्षी का कोलाज़ नहीं है। जो लोग मुगालते में हैं, उन्हें भारत के गांवों, किसानों, मुफलिसों, मजदूरों, बेसहारा औरतों, दिशाहीन बच्चों में झांकना चाहिए कि क्या यही लोकतंत्र है जिसके वास्ते पीढ़ियां बरबाद हो गईं। दफ्न हो गईं। जेलों में सड़ गईं। फांसी चढ़ गईं। हर संवैधानिक संस्था दूसरी संस्था से उसी तरह जुड़ी हुई है जैसे मनुष्य देह में हृदय, फेफड़े, आंतें और मस्तिष्क। यदि खून का प्रवाह दूषित हो जाए तो हर अंग दूसरे को कोसता भले रहे लेकिन जिंदगी से महरूम होता रहेगा। फिर भी यह वक्त रोने, बुराई करने, दोष निकालने और निराशा फैलाने का नहीं है। हर तरह की बरबादी से बचने का जो हौसला देता है, उसे ही तो लोकतंत्र कहते हैं। तब ही वह संविधान की बैसाखी पर चढ़कर अपनी मंज़लि तक बिलकुल पहुंच सकता है।

स्मृति शेष
विवेक शुक्ला



# अपने स्कूल-कॉलेज पर जान निसार करते थे सतीश कौशिक

सतीश कौशिक के पुराने और जिगरी दोस्त शब्दहीन हैं, रुआंसे हैं। शब्द दगा दे गए हैं। सतीश कौशिक के बाल सखा सुरेन्द्र रातावाल और विजय मोहन शर्मा बोलने की स्थिति में नहीं है। एक झटके में करीब 55 साल पुराने संबंध टूट गए। तीनों एक दूसरे के करोल बाग तथा दरियागंज के घरों से लेकर किरोड़ीमल क़ॉलेज ( केएमसी) तक आते-जाते थे। सतीश कौशिक को आगामी 8 अप्रैल को केएमसी में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम में आना था। उस कार्यक्रम की तारीख भी उन्होंने ही तय की थी। सतीश कौशिक 1980 के दशक में मुंबई चले गए थे। तब उनके करोल बाग के नाईवाला की गली नंबर 32 में रहने वाले पिता और परिवार को सुरेन्द्र रातावाल तथा विजय मोहन अपना समझ कर देखते थे। गुरुवार की मनहूस सुबह को सुरेन्द्र रातावल को सतीश कौशिक की मृत्यु का समाचार मिला। उनके होश उड़ गए। उन्हें यकीन इसलिए भी नहीं हुआ क्योंकि सतीश कौशिक दिल्ली में जब आते तो उन्हें और विजय मोहन को फोन से सूचना तो दे ही देते थे। मिलते भी थे। कम होता कि वे अपने बचपन के इन दोस्तों से बिना मिले चले गए हों। इस बार उन्होंने अपने मित्रों को दिल्ली आने की जानकारी नहीं दी थी। दोनों दोस्तो को समझ नहीं आ रही है इसकी वजह।




तीनों केएमसी में जाने से पहले ही एक-दूसरे को जानते थे। रोज का उठना-बैठना। केएमसी में पढ़ाई के दौरान दरियागंज के अंबर रेस्तरां में तीनों का बैठना और गपशप करना। सतीश कौशिक मुंबई जाने लगे तो उनके दोनों साथियों ने उनकी हर संभव मदद की। आगे चलकर सतीश कौशिक ने अपने को एक सशक्त एक्टर के रूप में स्थापित किया। इधर उनकी दिल्ली में उनके मित्र सुरेन्द्र रातावल मदनलाल खुराना सरकार में मंत्री बने और विजय मोहन कांग्रेस के नेता और जनता कोपरेटिव बैंक के चेयरमैन।

सतीश कौशिक के निधन से करोल बाग का नाईवाला का उदास होना लाजिमी है। उनका बचपन यहां की तंग गलियों में गुजरा था। उनके पिता करोल बाग के एक शो रूम में नौकरी करते थे। अब भी नाईवाला में उनकी एक बहन,परिवार के कुछ सदस्यों के अलावा बहुत सारे दोस्त और जानने वाले रहते हैं। वे दूर मुंबई बसने के बाद भी करोल बाग से मन से करीब ही रहे थे। उनक यहां आना-जाना लगा रहता था। वे इसी करोल बाग से मंदिर मार्ग के हरकोर्ट बटलर स्कूल में पढ़ने के लिए जाते थे। कुशाग्र बुद्धि के छात्र थे सतीश कौशिक। उनके अंदर एक्टिंग की दुनिया में जाकर अपने हिस्से के आसमान को छूने का जज्बा तब ही से था। वे हरकोर्ट बटलर स्कूल पूर्व छात्रों के कार्यक्रमों में बार-बार भाग लेते। मुंबई से खासतौर पर आते। वे 2016 में अपने स्कूल भी आए थे। हरकोर्ट बटलर को नई दिल्ली का पहला स्कूल माना जाता है। सतीश कौशिक की शख्सियत को संवारने में केएम कॉलेज ने अहम रोल निभाया। यहां पर उन्हें फ्रेंक ठाकुर दास के रूप में अपना एक्टिंग की दुनिया का पहला गुरु मिला। फ्रेंक ठाकुर दास इधर अंग्रेजी के अध्यापक थे, पर उनकी रंगमंच की भी गहरी समझ थी।

वे खुद भी रंगकर्मी थे। उनकी सरपरस्ती में अमिताभ बच्चन ने भी एक्टिंग को समझा था। उन्हीं फ्रेंक ठाकुर दास ने सतीश कौशिक को अभिनय और रंगमंच का पहला अध्याय समझाया था। ये 1970 के दशक के शुरूआती साल थे। फ्रेंक ठाकुर दास पंजाबी ईसाई थे। उन्होंने अपने कॉलेज में ड्रामा सोसायटी की स्थापना की थी। उन्होंने ही कुलभूषण खरबंदा, शक्ति कपूर, दिनेश ठाकुर वगैरह को भी अभिनय, निर्देशन, मंच सज्जा आदि की जानकारी दी थी। फ्रेंक ठाकुर दास अपनी कक्षाएं समाप्त करने के बाद अपने ड्रामा कल्ब की गतिविधियों में व्यस्त हो जाते थे। सतीश कौशिक के मन में अपने फ्रेंक सर को लेकर हमेशा कृतज्ञता का भाव रहा। केएमसी के पूर्व छात्र और अब हंसराज क़ॉलेज में हिंदी के प्रोफेसर डॉ. प्रभांशु ओझा ने बताया कि सतीश कौशिक ने एएमसी में बने फ्रेंक ठाकुरदास सभागार के निर्माण के लिए एक मोटी राशि दी थी। उनके मन में केएमसी के प्रति गजब का प्रेम था। वे यहां पर कभी-कभी तो बिना किसी पूर्व सूचना के भी आ जाते थे।

# जीव सर्वदा सुख की इच्छा करता है



संकलित
दर्शन

भवरूप महादावाग्नि का शमन होना। वन में वृक्षों के परस्पर के संघर्ष से अग्नि प्रज्वलित हो जाती है, उसका नाम दावाग्नि है। इस संसार में जीवों को विषय-वासनाओं के पारस्परिक संघर्ष से जो आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक ताप उत्पन्न होता है, उसकी दावाग्नि से तुलना की गई है। जीव के श्रेयरूप कुमुद को विकसित करने वाली चंद्रिका का प्रकाश होना। जीव सुखस्वरूप होने के कारण सर्वदा सुख की इच्छा करता है। सांसारिक अथवा इंद्रियजन्य सुख का नाम है प्रेय और पारमार्थिक अर्थात आत्मसुख का नाम है श्रेय। इस श्रेय को कुमुद पुष्प से उपमा दी गई है। कुमुद पुष्प दिन में सूर्य के ताप से मुकुलित (बंद) रहता है और रात में चंद्रमा की शीतल चंद्रिका पाकर खिल जाता है। जड़बद्ध जीव का आत्मसुखरूप श्रेय कुमुद भी तापत्रय के संताप से मुकुलायमान रहता है, श्रीकृष्णनाम चंद्रमा का संकीर्तनरूप से उदय होने पर जब भाव-चंद्रिका का प्रकाश होता है, तब इसका विकास होता है। विद्यावधू के जीवन का संचार। ज्ञानरूप जीव की विद्या ही परम परिचारिका है, इसी से इसे वधू शब्द से संकेत किया गया है। अपरा विद्या के द्वारा क्षर वस्तुओं का ज्ञान होता है, जबकि परा विद्या के द्वारा अक्षर तत्व का। अक्षरं ब्रह्म परमम्। परम ब्रह्म का नाम अक्षर है।

# संत-महात्मा की सलाह जरूर लें



संकलित
प्रेरणा

श्रीराम के छोटे भाई शत्रुघ्न से जुड़ा एक प्रसंग काफी प्रचलित है। एक दिन श्रीराम ने शत्रुघ्न को आदेश दिया कि मधुवन नाम की जगह पर एक राक्षस है, जो च्यवन ऋषि के साथ ही अन्य ऋषि-मुनियों को सता रहा है। तुम जाओ और उसका वध करो, इसके बाद तुम वहां का राजा बन जाओगे। बड़े भाई का आदेश मिलने के बाद शत्रुघ्न मधुवन पहुंचे। शत्रुघ्न को मालूम हुआ कि उस असुर के पास एक अजय शस्त्र है, जिसे पराजित कर पाना असंभव है। इसके बाद शत्रुघ्न च्यवन ऋषि से मिलने पहुंचे। शत्रुघ्न ने ऋषि को प्रणाम किया और कहा कि आप मुझे कोई ऐसा रास्ता बताएं, जिससे मैं यहां आतंक मचा रहे असुर का वध कर सकूं। च्यवन ऋषि ने शत्रुघ्न से कहा कि आप उस असुर पर तब हमला करें, जब वह भोजन करने जाता है। वो असुर भोजन करने से पहले अपना अजय शस्त्र अपने घर में छोड़ देता है। उसे उसके घर में घुसने से पहले ही मारना होगा। जब वह असुर अजय शक्ति के बिना असावधान दिखे, उस समय तुम उसका वध कर सकते हो। च्यवन ऋषि की सलाह मानकर शत्रुघ्न ने उस असुर का वध कर दिया। असुर को मारने के बाद शत्रुघ्न श्रीराम के पास पहुंचे और पूरी बात बताई तो श्रीराम बहुत खुश हुए और छोटे भाई मधुवन का राजा घोषित कर दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एक्सप्रेस वे का विस्तार जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-मुबंई एक्सप्रेस वे के पहले हिस्से का उद्घाटन हाल ही में किया। यह देश के सड़क मार्ग को और मजबूत करने के लिए एक अच्छी पहल है। इससे दो बड़े महानगरों दिल्ली और मुंबई की दूरी सड़क मार्ग से कम होगी, जिससे आमजन को और सुविधा सफर के लिए होगी और माल ढुलाई के लिए भी यह कारगर साबित होगी। जब से हमारा देश आजाद हुआ है, तब से जिस भी राजनीतिक पार्टी की सरकार सत्ता में आई, उसने देश में सड़कों का जाल बिछाने और इनका विस्तार करने में रुचि दिखाई है।

**लुकेश निर्मलकर**, बिलासपुर (छ.ग.)

## करंट अफेयर

# किम ने तोपखाना अभ्यास का लिया जायजा

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के एक तथाकथित एयरफील्ड पर हमले की स्थिति का अनुकरण करते हुए तोपखाना अभ्यास का जायजा लिया। यह जानकारी सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को दी। किम ने अपने सैनिकों को देश के प्रतिद्वंद्वियों की 'युद्ध तैयारियों' के मद्देनजर अपनी व्यवस्था चाकचौबंद करने के लिए कहा। उत्तर कोरिया की यह रिपोर्ट ऐसे समय आयी है जब दक्षिण कोरिया की सेना ने दावा किया कि उत्तर कोरिया ने अपने पश्चिमी तट से समुद्र की ओर छोटी दूरी की एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टॉफ' ने कहा कि मिसाइल को पश्चिमी तटीय शहर नम्पो के आसपास के इलाके से दागा गया। मिसाइल ऐसे समय दागी गई जब दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने किम के परमाणु हथियार के बढ़ते खतरे का मुकाबला करने के लिए अपने सबसे बड़े संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास शुरू किया है। प्योंगयांग की सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि किम ने बृहस्पतिवार के अभ्यास के दौरान अपने सैनिकों से किसी भी समय देश के दुश्मनों की सैन्य कार्रवाई का 'जबरदस्त जवाब देने और उसे रोकने' के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।



## ऑफ बीट

# अवसाद के लिए दवा से भी अधिक प्रभावी व्यायाम

दुनिया वर्तमान में एक मानसिक स्वास्थ्य संकट से जूझ रही है, जिसमें लाखों लोग अवसाद, चिंता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं। इसने दिखाया कि व्यायाम मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के इलाज का एक प्रभावी तरीका है - और यह दवा या परामर्श से भी अधिक प्रभावी हो सकता है। कठिन, तेज, मजबूत हमने 97 समीक्षा पत्रों की समीक्षा की, जिसमें 1,039 परीक्षण और 128,119 प्रतिभागी शामिल थे। हमने पाया कि हर हफ्ते 150 मिनट विभिन्न प्रकार की शारीरिक गतिविधि (जैसे तेज चलना, वजन उठाना और योग करना) सामान्य देखभाल (जैसे दवाएं) की तुलना में अवसाद, चिंता और मनोवैज्ञानिक संकट को काफी कम कर देता है। सबसे बड़ा सुधार (प्रतिभागियों द्वारा स्व-रिपोर्ट के अनुसार) अवसाद, एचआईवी, गुर्दे की बीमारी, गर्भवती और प्रसवोत्तर महिलाओं में और स्वस्थ व्यक्तियों में देखा गया, हालांकि सभी आबादी के लिए स्पष्ट लाभ देखा गया। हमने पाया कि व्यायाम की तीव्रता जितनी अधिक होती है, उतना ही अधिक लाभदायक होता है। उदाहरण के लिए, सामान्य गति से चलने के बजाय तेज गति से चलना।



## ट्रेंड

### खेद का विषय

यह खेद का विषय है कि पिछले कुछ सप्ताहों से ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमलों की खबरें नियमित रूप से आ रही हैं। स्वाभाविक है कि ऐसे समाचार भारत में सभी लोगों को चिंतित करते हैं, हमारे मन को व्यथित करते हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### वास्तविक कुंजी

हम में से प्रत्येक को न केवल अपने स्वयं, परिवार या राष्ट्र के लिए बल्कि पूरी मानव जाति के लाभ के लिए काम करना सीखना चाहिए। सार्वभौमिक उत्तरदायित्व मानव अस्तित्व की वास्तविक कुंजी है। यह विश्व शांति के लिए सबसे अच्छा आधार है।

-दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु



### जनता देख रही है

मनीष को पहले सीबीआई ने गिरफ्तार किया। कोई सबूत नहीं मिला, रेड में कोई पैसा नहीं मिला। कल मनीष छूट जाते। तो आज ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। इनका मकसद है, मनीष को हर हालत में अंदर रखना। जनता देख रही है। जवाब देगी

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली



### जीवन पहले जैसा नहीं रहेगा

जानता हूं कि मृत्यु ही इस दुनिया का अंतिम सच है। पर ये बात मैं जीते जी कभी अपने जिगरी दोस्त सतीश कौशिक के बारे में लिखूंगा, ये मैंने सपने में भी नहीं सोचा था। 45 साल की दोस्ती पर ऐसे अचानक पूर्णविराम। तुम्हारे बिना जीवन पहले जैसा नहीं रहेगा। ओम शांति।

-अनुपम खेर, अभिनेता






गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## उड़न दस्ता दल ने आकस्मिक निरीक्षण किया



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की मंगलवार को अंग्रेजी साहित्य का पेपर हुआ स्थानीय परीक्षा केंद्र पर ओम शंकर वर्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अजमेर एवं उड़न दस्ता उप संयोजक भरत कुमार सिवासिया के दल ने आकस्मिक निरीक्षण किया। एवं परीक्षा व्यवस्था व्यवस्थित है एवं नियमानुसार हो रही है इसी के पश्चात दूसरा दल उमेश शर्मा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड उड़नदस्ता के दल ने भी निरीक्षण किया सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई । ब्यावर के अन्य परीक्षा केंद्रों का भी निरीक्षण किया। प्रधानाचार्य व केंद्र अधीक्षक अब्दुल हनीफ खान अतिरिक्त केंद्र अधीक्षक राजेंद्र प्रजापति आदि उपस्थित रहे

## नशा मुक्ति केन्द्र संचालक की हत्या करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** बहरोड़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कस्बे के नारनौल रोड स्थित नशा मुक्ति केंद्र संचालक की हत्या के मामले में



एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए थाना अधिकारी विरेंद्र पाल विश्नोई ने बताया कि 11 जून 2021 को पुरानी सराय नारनौल हरियाणा निवासी प्रवीण कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि मेरा भाई पवन कुमार बहरोड में नया सवेरा नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र चलाता था 10 जून व 11 जून के मध्य रात्रि को उपचार के लिए आए हुए 10-15 लड़कों के साथ खाना खाकर उन्हीं के साथ अपने नशा मुक्ति केंद्र पर सो रहे थे। जिनमें से 8 व अन्य लड़कों ने मेरे भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थाई वारंटी एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी अभियान के तहत आरोपी 24 वर्षीय हरियाणा के आसलवास रेवाड़ी निवासी विनोद गुर्जर पुत्र परसराम गुर्जर को गिरफ्तार किया।

## पुलिस वीरता पदक लेकर लौटने पर वीरांगना का सम्मान किया



गरीबो का सितारा

**जाजोद(अरविन्द कुमार)।** एनएच 52 बावड़ी बस स्टैंड पर मंगलवार को शहीद हवलदार दीपचंद वर्मा की वीरांगना को गैलंट्री अवॉर्ड (पुलिस वीरता पदक) लेकर बावड़ी पहुंचने पर सरपंच बिमला देवी बाजिया एवं ग्रामीणों ने माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर वीरांगना सरोज देवी एवं शहीद की माता प्रभाती देवी का सम्मान किया। गौरतलब है कि बावड़ी निवासी शहीद दीपचंद वर्मा सीआरपीएफ की 179वीं बटालियन में तैनाती के दौरान 1 जुलाई 2020 को जम्मू कश्मीर के सोपोर के बारामुला में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में घायल होने के बाद भी दो आतंकवादियों को मार गिराया था जिसके बाद वीरगति को प्राप्त हो गए थे। ऐसे में शहीद दीपचंद वर्मा को मरणोपरांत पुलिस वीरता पदक से नवाजा गया था।शहीद हवलदार वर्मा का यह सम्मान उनकी वीरांगना सरोज देवी को शनिवार को छत्तीसगढ़ में आयोजित हुई सीआरपीएफ की 84 वीं परेड में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा प्रदान किया गया है। इस मौके पर मालीराम सौगण, सरपंच प्रतिनिधि कैलाश बाजिया, बंशीधर तिरदिया, भागीरथ मल सबल, पूर्व सरपंच गोपाल सिंह बाजिया, मोहनलाल मोरदिया, कजोड मल, भँवर दास, पूर्व सरपंच देबू राम वर्मा, पूसाराम खींची, मोहन लाल सबल सहित महिला एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में 9वां स्थापना दिवस मनाया



**जाजोद(अरविन्द कुमार)।** ग्राम पंचायत बावड़ी में स्थित बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में मंगलवार को ग्रामीणों एवं बैंक कर्मियों ने केक काटकर शाखा का 9वां स्थापना दिवस मनाया। शाखा प्रबंधक पी.एम. धायल ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री बीमा योजना, लोन एवं जमा कराने की योजना सहित विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह राठौड़, सुरजभान सिंह निठारवाल, हरदेवाराम बाजिया,सेवादास, कैलाश शर्मा एवं बैंक स्टाफ मुकेश मीणा, पूर्णिमा नाथावत, पूजा सैनी एवं निखिल कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## बावड़ी बालाजी धाम पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आज से

**जाजोद(अरविन्द कुमार)।** एनएच 52 पर स्थित बावड़ी बालाजी धाम पर आज से दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम होंगे। बावड़ी बालाजी सेवा समिति अध्यक्ष गणपत सिंह बाजिया एवं सचिव भागीरथ मल सबल ने बताया कि बालाजी धाम पर रामनवमी को भरने वाले मेले की पूर्व संध्या पर प्रसिद्ध गायक कलाकार प्रकाश गुर्जर एवं पार्टी के द्वारा संपूर्ण रात्रि भजनों की प्रस्तुति जाएगी एवं रामनवमी को बालाजी का विशाल मेला भरेगा। मेले में ऊंट दौड़, घुड़ दौड़ एवं कुश्ती आकर्षण का केंद्र होंगे।

# लॉयन्स प्रान्त 3233 ई 2 के संभाग 5 का संभागीय अधिवेशन आयोजित, सेवा कार्यों को मिला सम्मान

### संस्कार निर्माण हेतु कार्य करने पर दिया बल




**कुचामनसिटी।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई 2 के संभाग 5 का संभागीय अधिवेशन उत्कर्ष संभागीय अध्यक्ष लायन श्याम सुंदर सैनी की अध्यक्षता और लायंस क्लब कुचामन की मेजबानी में शहर के सरला बिरला कल्याण मंडप में आयोजित हुआ। समारोह मे मंच पर मुख्य अतिथि पूर्व प्रांतपाल लायन जेठमल जी गहलोत, मुख्य वक्ता पूर्व प्रांतपाल लायन सतीश जी बंसल, विशिष्ट अतिथि उप प्रांतपाल द्वितीय लायन श्याम सुंदर जी मंत्री, क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन सूरज प्रकाश जैन एवं लायन नरेंद्र जयपाल, क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश डालुका, सचिव लायन मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन मनमोहन अग्रवाल व संभाग की प्रथम महिला विमला सैनी की उपस्थिति में समारोह पूर्वक आयोजित हुआ ।सर्वप्रथम मां जगदम्बा एवं लायंस क्लब के संस्थापक सर मेल्विन जोन्स के सम्मुख दीप प्रज्जवलित व पुष्पहार के बाद संभागीय अध्यक्ष सैनी के सभा प्रारंभ करने की घोषणा के साथ समारोह का आगाज हुआ। क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश डालुका ने स्वागत उद्बोधन दिया। मुख्य अतिथि लॉयन जेठमल गहलोत ने लॉयन्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी । मुख्य वक्ता लॉयन सतीश बंसल ने संस्कार निर्माण को आवश्यक कार्य बताते हुए कई उदाहरण देकर युवा पीढ़ी को संस्कारित करने की सीख दी । वीडीजी द्वितीय लॉयन श्याम सुन्दर मंत्री ने ईन्टरनेशनल के लीडरसीप कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि क्लब स्तर पर लीडरसीप के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए साथ ही संस्कार निर्माण को प्रान्त का प्रमुख कार्यक्रम बनाने पर प्रान्तपाल दिलीप तोषनीवाल की प्रशंसा की । अधिवेशन में विभिन्न क्लबों को सेवा गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया गया जिसमें लायंस क्लब नागौर को स्थाई सेवा गतिविधियों के संचालन के लिए संभाग में प्रथम, नेत्रदान में संभाग में द्वितीय, नेत्र शल्य चिकित्सा में संभाग में द्वितीय ।लायंस क्लब परबतसर को नेत्रदान मे संभाग में प्रथम, नेत्र शल्य चिकित्सा में प्रथम, फूड फार हंगर में संभाग में प्रथम, वृक्षारोपण में संभाग मे प्रथम, रक्तदान में संभाग में द्वितीय । लायंस क्लब मकराना मार्बल सिटी को रक्तदान में संभाग मे प्रथम, जीव दया में संभाग में प्रथम, फूड फार हंगर में संभाग में द्वितीय, वृक्षारोपण में संभाग में द्वितीय ।लायंस क्लब कुचामन सिटी को आजादी का महोत्सव कार्यक्रम के लिए संभाग में प्रथम, चिकित्सा (हार्ट शिविर) के लिए संभाग में प्रथम, मधुमेह जांच संभाग में प्रथम ।लायंस क्लब मकराना को रक्तदान में संभाग में उत्तम, फूड फार हंगर में संभाग में उत्तम ।लायंस क्लब नावा को जन्माष्टमी उत्सव प्रांत में द्वितीय, नेत्र शल्य चिकित्सा में संभाग में उत्तम ।लायंस क्लब मंगलाना को एक्यूप्रेशर चिकित्सा संभाग में प्रथम, जीव दया संभाग में द्वितीय ।लायंस क्लब कुचामन सिटी स्टार को तिरंगा वितरण संभाग में प्रथम, मधुमेह जांच संभाग में उत्तम । इसके साथ ही व्यक्तिगत पुरस्कारों में लायन मुकेश डालूका को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष, लायन जीतमल जांगिड़ को सर्वश्रेष्ठ सचिव, लायन कमल मान्धनिया को सर्वश्रेष्ठ कोषाध्यक्ष, लायन गोपाल विश्नोई को श्रेष्ठ अध्यक्ष, लायन मनोज अग्रवाल श्रेष्ठ सचिव, लायन अशोक कुमार अग्रवाल श्रेष्ठ सचिव, लायन प्रदीप कुमार सेठी को श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष, लायन राकेश गहलोत को उत्तम अध्यक्ष, लायन आदित्य मंत्री को उत्तम सचिव, लायन मनमोहन अग्रवाल उत्तम को कोषाध्यक्ष, लायंस क्लब मकराना मार्बल सिटी को बेस्ट क्लब ऑफ द रीजन, लायन सूरज प्रकाश जैन को बेस्ट जोन चेयरमैन ऑफ रीजन, लायन महावीर पारीक को सर्वोत्तम व्यक्ति (रक्त वीर), लायन रामेश्वरलाल टाक को सर्वोत्तम व्यक्ति (नेत्रदान), लायन डॉक्टर सुनील जैन को सर्वोत्तम व्यक्ति (हृदय चिकित्सा), लायन सुभाष रावका को स्टार लायन ऑफ द रीजन, लायन मनीष बंसल को साइनिंग यूथ आफ रीजन, लायन संजीव सिंह रूणिजा को संस्कार निर्माण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ में विशेष योगदान के लिए व्यक्तिगत अवार्ड से सम्मानित किया गया साथ ही बैनर प्रस्तुतिकरण में लायंस क्लब परबतसर प्रथम, फोटो प्रदर्शनी में लायंस क्लब मकराना मार्बल सिटी प्रथम, और सर्वाधिक उपस्थिति में लायंस क्लब परबतसर ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।इस अवसर पर संभाग के वरिष्ठ लायन साथी जिनको लायननिजम में 50 वर्ष से अधिक हो गया उनको लाईफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया जिसमें लायन विमल चंद जैन नागौर क्लब, लायन कमल कुमार पहाड़िया व लायन गिरधर गोपाल मोर कुचामन सिटी क्लब और लायन सुभाष मदान कुचामन फोर्ट को सम्मानित किया गया ।मंच- संचालन लायन सुभाष रावका ने किया, प्रियांशी मान्धनिया ने ध्वज वंदना व लायन डॉक्टर प्रगति मदान ने विश्व शांति के लिए मौन प्रार्थना और राष्ट्रगान करवाया। संभागीय अध्यक्ष श्याम सुन्दर सैनी ने सभी क्लबों के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सदन मे उपस्थित संभाग के विभिन्न क्लबों के लायन साथियों, नगर की विभिन्न संस्थाओ के प्रतिनीधियो, मातृशक्ति का आभार जताने के साथ ही सभा समाप्ति की घोषणा एवं सुरुचि भोजन के साथ समारोह सम्पन्न हुआ।

## एसएमसी/एसडीएमसी के सदस्यों ने एक्सपोजर विजिट कर विभिन्न विद्यालयों द्वारा कराए जा रहे नवाचारों का किया गया अवलोकन





**रैणी(अलवर) महेश चन्द मीना।** मंगलवार को समग्र शिक्षा अभियान की ओर से ब्लॉक की सर्वश्रेष्ठ एसएमसी व एसडीएमसी के सदस्यों ने रैणी ब्लॉक की सर्वश्रेष्ठ एसएमसी व एसडीएमसी स्कूलों का एक्सपोजर विजिट कर विद्यालयों द्वारा कराए जा रहे नवाचारों को देखा। इससे पूर्व सुबह पंचायत समिति कार्यालय से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर दयाल मीना ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे बाद सदस्यों ने रैणी ब्लॉक के राउमावि माचाड़ी, परबैणी, टहटडा, दानपुर व राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पिनान का अवलोकन किया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामेश्वर दयाल मीना ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान की ओर से ब्लॉक स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ राउमावि अलेई, भजेड़ा, नीमला, टहला, श्री प्यारेलाल गुप्ता राउमावि राजगढ़, राबाउमावि राजगढ़ के एसएमसी व एसडीएमसी सदस्यों का रैणी ब्लॉक में एक्सपोजर विजिट करवाया गया। जहां सदस्यों ने विद्यालयों की गतिविधियों का बारिकी से अवलोकन किया। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल कुमार मीना ने बताया कि राज्य सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा एसएमसी व एसडीएमसी सदस्यों के सुदृढ़ीकरण हेतु नवाचार किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत ब्लॉक की सर्वश्रेष्ठ एसएमसी व एसडीएमसी सदस्यों को रैणी ब्लॉक के सर्वश्रेष्ठ एसएमसी व एसडीएमसी विद्यालयों का एक्सपोजर विजिट करवाया गया। इसके अंतर्गत विद्यालयों में भामाशाहों, एनजीओ, जनप्रतिनिधि व जनसहयोग से करवाये जा रहे कार्य, विद्यालयों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य, नामांकन वृद्धि, विद्यालयों में अपनत्व की भावना का विकसित करना, जैण्डर से सम्बंधित विषयों पर संवेदनशील करना है। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मौसम मीना, राजकुमार गुप्ता, एसडीएमसी सदस्य पार्षद गोविंद गुप्ता, भम्भूराम मीना, समाजसेवी पदमा गुप्ता, डॉ खेमसिंह आर्य, मदनलाल शर्मा, अशोक मिश्रा, शिवराम मीना, हरिकिशन मीना, नंदकिशोर मीणा, मनोज शर्मा, भरतलाल मीना, देशबंधु शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी राजकुमार गुप्ता राजगढ के द्वारा दी गई है।

## मसारी मे माता मंशा देवी के चार दिवसीय मेले का उद्घाटन हुआ



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के कठूमर मे मसारी में मॉ मंशा देवी के चार दिवसीय मेले का उदघाटन



प्रधान संगम चौधरी, उप प्रधान विश्वेंद्र सिंह, विकास अधिकारी यशवंत शर्मा और जिला पार्षद संजना जाटव एवं सरपंच मोहनलाल गुडडू और पूर्व सरपंच कमलेश शर्मा ने सामुहिक पूजा और आरती से किया। सरपंच मोहनलाल गुडडू ने बताया 28 से 31 मार्च तक चलने वाले मेले में 28 मार्च को मेले उदघाटन के बाद तीन बजे से आकर्षक धार्मिक झांकियो के साथ मॉ मंशा देवी की शोभा यात्रा निकाली गई। वही रात्री को माता का जागरण हुआ। 29 मार्च प्रातः मां मंशा देवी का पूजन और दिन में जिकडी दंगल और रात्री नौटंकी का आयोजन होगा। इसी तरह से 30 मार्च दिन में ग्रामीणो के मनोरंजन के लिये बंब रसिया का कार्यक्रम होगा। वही 31 मार्च को समापन पर धार्मिक रागनी का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर हरभजन सिंह ठेकेदार सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी कठूमर से अशोक कुमार जैन के द्वारा दी गई है।

## 72 घण्टे में समाधान नही हुआ तो एसडीएम ऑफिस के सामने अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** नरपालिका पार्षद नेता प्रतिपक्ष ओम यादव ने मंगलवार को पिछले कई दिनों से कस्बे की रोड लाईट व सीसीटीवी कैमरे के कनेक्शन कटने पर उनको जल्द पुनः चालू करवाने के लिए पार्षद प्रतिनिधि शीशराम पोसवाल की मौजूदगी में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें यादव ने बताया की अगले 72 घण्टे में समाधान नही हुआ तो एसडीएम कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना दूंगा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि शहर के सार्वजनिक स्थानों की रोड लाइट पिछली 17 मार्च से नगरपालिका का बिजली बिल बकाया होने के कारण विद्युत विभाग ने कनेक्शन काट दिए। 10 दिन से अधिक समय होने के बाद भी बिजली विभाग को बकाया भुगतान संबंधित कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके कारण पूरा शहर अंधेरे में डूबा हुआ है। अपराधिक घटना व असामाजिक तत्वों का बोलबाला बढ़ रहा है। जिसको लेकर एसडीएम नहीं तुरंत प्रभाव से नगरपालिका व विद्युत विभाग के अधिकारियों को समस्या का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।






## फेयरवेल पार्टी में जमकर झूमी छात्राऐं, चेहरे पर खुशी आंखो मे दिखाई दिया विदाई का दर्द



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी.महाविद्यालय में मंगलवार अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा बड़े उत्साह के साथ विदाई समारोह यादें-2023 का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया ।महाविद्यालय अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि सकारात्म सोच जिन्दगी की सफलता का सूत्र है, आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास जीवन की कुंजी है ।वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को अपने भावी जीवन के लिए लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ प्रतिज्ञ होकर आगे बढ़ने की सीख दी । कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग प्रस्तुतियां दी गयी, जिसमें सौन्दर्य, रेम्प वॉक, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, मानसिक एवं बौद्धिक परीक्षण के माध्यम मिस वर्द्धमान का ताज सुश्री श्रुति माहेश्वरी, प्रथम रनर-अप सुश्री खुशी बिनायकिया, द्वितीय रनर-अप सुश्री मुस्कान रजवानी रही । कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका डॉ. सौम्या सिंह एवं सी.ए.श्रुति सिंघल एवं श्रीमती संगीता यादव ने निभायी ।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए छात्राओं को सदैव ज्ञानोपार्जन करते रहने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि इस अवसर पर साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओ के प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कारों का भी वितरण किया गया । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निधि पंवार ने किया।

# राजस्थान में कल सभी अस्पताल रहेंगें बंद, सरकार लगा सकती रेस्मा

**जयपुर/ डॉ चेतन टटेरा।** राजस्थान में राइट टू हेल्थ दिल को लेकर निजी अस्पतालों के चिकित्सकों का चल रहा विरोध और आंदोलन लगातार जारी है और यह आंदोलन धीरे-धीरे उग्र होता जा रहा है और इसी कड़ी में कल प्रदेश भर के सभी सरकारी चिकित्सक भी निजी चिकित्सकों के समर्थन और इस बिल के विरोध में 1 दिन के सामूहिक हड़ताल पर रहेंगे इससे प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर बंद रहेंगे ।बिल के विरोध में चल रहे इस आंदोलन में कल निजी चिकित्सकों और अस्पतालों के संचालकों के समर्थन में प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों पीएचसी सीएचसी उप स्वास्थ्य केंद्र जिला मुख्यालय के अस्पताल और मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं पूरी तरह से बंद रहेगी और करीब 15,000 से अधिक सरकारी चिकित्सक भी एक दिन के सामूहिक हड़ताल पर एक कर कार्य का बहिष्कार करेंगे। मेडिकल ऑफिसर और पीएसी सीएससी के डॉक्टर्स की यूनियन अखिल भारतीय सेवारत चिकित्सक संघ(अरसिदा) ने पहले ही गुण 30 मार्च को कार्य के बहिष्कार की घोषणा कर रखी थी अब इनके समर्थन में सरकारी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक(शिक्षक)इनमें सीनियर प्रोफेसर प्रोफेसर असिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर रैंक के सभी चिकित्सक भी हड़ताल पर रहेंगे। लेकिन दूसरी ओर आपातकालीन सेवाओं में आने वाले रोगियों और आईसीयू में भर्ती रोगियों का इलाज किया जाएगा दूसरी और प्रदेश में करीब 24 सौ से अधिक निजी बड़े और छोटे हॉस्पिटल संचालित हैं जो पिछले 1 सप्ताह से बंद है और इनके समर्थन में रेजिडेंट डॉक्टर्स भी 1 सप्ताह से हड़ताल पर चल रहे हैं चिकित्सकों के उग्र होते आंदोलन और आम जनता की परेशानी को देखते हुए सरकार अब बड़ा एक्शन उठाने के साथ ही रेस्मा भी लागू कर सकती है ।सरकार क्या कार्यवाही निजी चिकित्सालय के खिलाफ कर सकती है ।प्रदेश में चल रहे अधिकांश निजी बड़े चिकित्सालय को सरकार ने रियायती दर पर जमीन आवंटित कर रखी है और उसका आवंटन निरस्त करने का अधिकार आवंटन के दौरान सड़कों में सरकार के पास ही सुरक्षित रहता है कि वह कभी भी इस आवंटन को रद्द कर सकती है और सरकार अब निजी चिकित्सालयों को जिनको जमीन रहे थे दर पर आवंटित कर रखी है उनका आवंटन रद्द करने की तैयारी में जुट गई है। देश में चल रहे कहीं बड़े और छोटे निजी अस्पताल नगरीय निकाय नगर पालिका नगर निगम यूआईटी और विकास प्राधिकरण के बिल्डिंग नियमों के तहत निर्माण नहीं किए गए हैं और कई तो ऐसे अस्पताल हैं जिनकी स्वीकृति तक नहीं ली गई है ऐसे अस्पतालों को सील किया जा सकता है और सरकार ऐसे अस्पतालों की सूची बना रही है जिनको सीज करने की भी कवायद है। अस्पताल के नियमों के तहत अस्पताल परिसर में वाहन पार्किंग ऑफ फायर फाइटिंग की सुविधा और इसका प्रमाण पत्र होना जरूरी होता है इनकी सुविधा के बिना अस्पताल को सील किया जा सकता है और सरकार अब ऐसे अस्पतालों की सूची बनाकर उनको भी सील करने की तैयारी कर रही है। प्रदेश में चल रहे निजी अस्पतालों से नगर पालिका है नगर परिषद नगर निगम बहुत न्यूनतम दर पर नगरीय विकास दर अर्थात यूडी टैक्स वसूल कर रही है सरकार अब चाहे तो इन सभी निजी अस्पतालों से व्यवसायिक रेट के आधार पर कर वसूल कर सकती है जो बहुत बड़ी राशि होती है जिसे देना इन निजी अस्पतालों के संचालकों पर भारी पड़ सकता है सरकार ऐसे अस्पतालों की सूची बनाकर उनसे अब व्यवसायिक दर से नगरीय विकास शुरू कर दी है ।इसके अलावा प्रदेश में नियमानुसार अस्पतालों के निर्माण के दौरान नक्शा पारित कराकर उसका निर्माण कराया जाता है लेकिन कई निजी अस्पताल ऐसे हैं जो स्वीकृत नक्शे के अनुसार नहीं बना कर अवैध निर्माण किया गया है सरकार ऐसे अस्पतालों की भी सूची बनाकर उन अवैध निमार्णों को तोड़ने की कवायद में है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ करने व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

गरीबों का सितारा

**दांतारामगढ़।** दांतारामगढ़ थाना क्षेत्र के कुली गांव में 18 जनवरी 2023 को दोपहर में घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ करने व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि पीड़ित महिला ने थाने में मामला दर्ज कराया था कि 18 जनवरी को दोपहर में वह अपने घर में अकेली बैठी थी इसी दौरान मुकेश रेगर पुत्र भुराराम निवासी कुली घर में घुसा और उसके के साथ लज्जा भंग का प्रयास करते हुए छेड़छाड़ करने लगा जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी मुकेश महिला के साथ मारपीट करने लगा जिससे महिला को चोटे पहुंची। महिला के शोर-शराबा करने पर उसकी बेटी व सास दौड़ कर आई तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान करते हुए आरोपी मुकेश रेगर को गिरफ्तार कर दांतारामगढ़ न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए।

### यात्रियों की सुविधा हेतु डिब्बों में अस्थाई बढोतरी

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** रेलवे द्वारा लम्बी प्रतीक्षा सूची को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुरझ इंदौरझ जोधपुर (02 जोडी) रेलसेवाओं में डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार 1. गाडी संख्या 14801/14802, जोधपुर-इंदौर-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से दिनांक 01.04.23 से 30.04.23 तक एवं इंदौर से दिनांक 04.04.23 से 03.05.23 तक 01 थर्ड एसी एवं 01 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 2. गाडी संख्या 12465/12466, इंदौर-जोधपुर-इंदौर रेलसेवा में इंदौर से दिनांक 02.04.23 से 01.05.23 तक एवं जोधपुर से दिनांक 03.04.23 से 02.05.23 तक 01 थर्ड एसी एवं 01 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।

**जोधपुर, इंदौर, जोधपुर (02 जोडी) रेलसेवाओं में बढाये डिब्बें**

### जयपुर के सन्त महंतों ने किया केसरिया महापंचायत कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

#### 2 अप्रैल को होगी जयपुर में केसरिया महापंचायत



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** शहर में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के द्वारा 2 अप्रैल 2023 को केसरिया महापंचायत का आयोजन प्रमुख संत महंतों के सानिध्य में जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित होगा। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संरक्षक छगन सिंह राठौड़ ने बताया कि मंगलवार को जयपुर के मानसरोवर स्थित चिंताहरण काले हनुमान जी महाराज मंदिर में केसरिया महापंचायत कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें में पोस्टर का विमोचन श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी एवं संत समाज की और से त्रिवेणी धाम के संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री रामरिछपाल दास देवाचार्य जी महाराज एवं महामंडलेश्वर मनोहर दास जी महाराज और रघुनाथ धाम के पीठाधीश्वर स्वामी सौरभ राघवेंद्र आचार्य महाराज, ब्रह्म शक्ति संघ के राष्ट्रीय संयोजक सुनील मुद्गल अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज जोशी थोई, महिला सुरक्षा मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष बबीता शर्मा, भागवताचार्य नेहा शर्मा, सहित जयपुर के कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं संत महंतों के कर कमलों के द्वारा पोस्टर विमोचन कार्यक्रम किया गया। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संरक्षक छगन सिंह राठौड़ ने बताया 2 अप्रैल को केसरिया महापंचायत कार्यक्रम पूज्य गुरुदेव संत शिरोमणि श्री रामरिछपाल दास देवाचार्य जी महाराज त्रिवेणी धाम की अध्यक्षता में आयोजित होगा। जिसमें संपूर्ण भारतवर्ष से संत समाज के गादीपति एवं प्रमुख संत महंत केसरिया महापंचायत कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

### दो दिवसीय कार्यशाला में वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण ई-शेड्यूल पर चर्चा व प्रशिक्षण



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा मंगलवार को राज्य स्तरीय वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण ई-शेड्यूल विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हरिश्चंद्र माथुर लोक प्रशिक्षण संस्थान जयपुर में किया गया। कार्यशाला का उदघाटन संयुक्त निदेशक अशोक कुमार वर्मा, उप निदेशक सीमा तनेजा उप एवं सहायक निदेशक हनुमान प्रसाद मीणा ने किया। कार्यशाला के दौरान श्री वर्मा ने बताया कि वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण का उपयोग सांख्यिकी सूचनाओं का निर्धारण, मूल्यांकन, उसमें मूल्य वृद्धि की सूचना का पता लगाने तथा सकल घरेलू आय और उत्पादन अनुमान में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के सकल मूल्य संवर्धन ज्ञात करने में किया जाता है। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी श्री धर्मपाल सिंह गुर्जर ने वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण में ई-शेड्यूल के बारे में विस्तार से चर्चा की। भोजन पश्चात वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी श्री महेश कुमार मीणा ने प्रतिभागियों को ई शेड्यूल का प्रशिक्षण दिया और ई-शेड्यूल भरने में आ रही समस्या का भी समाधान किया। कार्यशाला में राज्य के 26 जिलों से दो- दो प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में सांख्यिकी अधिकारी डॉ दिलीप सिंह बारेठ, सहायक सांख्यिकी अधिकारी रामस्वरूप कुम्हार एवं अनिल खंडेलवाल, सांख्यिकी निरीक्षक अंकिता सोलंकी एवं मीनाक्षी तिवारी ने भाग लिया।

# कांग्रेस ने प्रचार अभियान का बिगुल बजाया







गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही कांग्रेस ने प्रचार अभियान का बिगुल बजा दिया है। संभाग स्तर पर कार्यकताओं से मिलने की शुरूआत बीकानेर के तेरापंथ भवन से हुई। पहले ही सम्मेलन में कांग्रेस नेताओं ने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने को मुद्दा बनाते हुए विधानसभा चुनाव के लिए अभी से जुटने की अपील की गई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि इंदिरा गांधी को भी संसद से बाहर किया गया था लेकिन वो पूरी शक्ति के साथ वापस सदन में आई। ऐसे ही राहुल गांधी के साथ किया जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं का एकत्र होना ऐतिहासिक है। ये याद रखा जाएगा कि राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने पर हम एकत्र हुए थे। गहलोत ने कहा कि देश में तानाशाही चल रही है, जिसे खत्म करने के लिए पहले कांग्रेस की सरकार राजस्थान में रिपीट करनी है और इसके बाद लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराना ही प्रथम लक्ष्य होना चाहिए। गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी को बंगला खाली करने के लिए कहा गया है, राहुल गांधी ने बड़ी सहजता के साथ कहा कि वो बंगला खाली कर देंगे। गहलोत ने बजट घोषणाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जितना चाहा, उससे ज्यादा सरकार ने दिया है। उन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम को भी गिनाया। मुझे कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी है कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखविन्दर सिंह रंधावा ने कहा कि जब मैं राजस्थान आया तो खबरों से लगा कि राजस्थान में न जाने कितनी फूट है। कितनी लड़ाई है, लेकिन आज मुझे लगता है कि राजस्थान में सरकार रिपीट होगी। रंधावा ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के बूथ स्तर के कार्यकर्ता को एक जुटकर होकर इस तानाशाही सरकार को हटाना होगा। रंधावा ने कहा कि देश की आजादी के लिए कांग्रेस ने काम किया। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी देश के लिए शहीद हुए। रंधावा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार सिर्फ बातों से वापस नहीं आएगी। इसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जोश दिखाना होगा। आवाज उठानी होगी। इसके बाद एक कार्यकर्ता ने खड़े होकर नाराबाजी शुरू की तो रंधावा ने उसकी तारीफ करते हुए कहा कि ऐसा ही जोश कार्यकर्ताओं को बनाकर रखना होगा।

#### इनकी रही मौजूदगी

सम्मेलन में भूदान बोर्ड के अध्यक्ष लक्ष्मण कड़वासरा, केशकला बोर्ड के अध्यक्ष महेन्द्र गहलोत, विधायक कृष्णा पूनियां, श्रीगंगानगर जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा, पूर्व मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल, पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा, सीएम के ओएसडी लोकेश शर्मा, बीकानेर जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल, बीकोनर पंचायत समिति लालचंद आसोपा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत सहित संभाग के नेता, पार्टी पदाधिकारी, पार्षद, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

#### इन्होंने भी रखे विचार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द डोटासरा ने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक आ गए हैं। ऐसे में कांग्रेस के कार्यकताओं को जोश बनाकर रखना होगा। कांग्रेस कार्यकताओं को जनता के बीच जाकर उपलब्धियों को गिनाना होगा। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने के बाद भी कांग्रेस डरेगी नहीं। उन्होंने शायरी करते हुए कहा कि हम लड ? के लिए तैयार है। आपदा प्रबंधन मंत्री गोविन्द मेघवाल, ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी और राजस्थान एग्रो बोर्ड के अध्यक्ष रामेश्वर डूडी ने भी विचार रखे। इस सम्मेलन के दौरान संभाग के नेताओं ने एक एक करके मुख्यमंत्री से भेंट की। अपनी बात कही और रिपोर्ट भी दी। निःसंदेह गहलोत की यह व्यूह रचना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बनने वाली है।

## रेजिडेंट चिकित्सकों एवं आरएमसीटीए एसोशिएशन के कार्य बहिष्कार को देखते हुए प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने ली आपात बैठक

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** विभिन्न डॉक्टर्स संगठनों के कार्य बहिष्कार को देखते हुए सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने चिकित्सा सेवाओं के बेहतर प्रबंधन हेतु एक आपात बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान महाविद्यालय के रेजिडेन्ट चिकित्सकों द्वारा जारी कार्य बहिष्कार तथा राजस्थान मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोशिएशन द्वारा दिनांक 29 मार्च, बुधवार से घोषित कार्य बहिष्कार के दौरान सम्बद्ध चिकित्सालयों में आपातकालीन व नियमित चिकित्सा सेवाओं के सुचारू संचालन हेतु अतिरिक्त प्रधानाचार्यों तथा प्रमुख विभागों के विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गये कि किसी भी स्थिति में कोई भी मरीज इलाज के आभाव में अस्पताल से नहीं जाए। सभी आने वाले मरीजों को चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया जाये। विशेषतौर से आपातकालीन अथवा दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को त्वरित उपचार मुहैया कराया जाना सुनिश्चित किया जावे। डॉ. सोनी ने बैठक में कहा कि सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगें कि इस दौरान विभागों में आपातकालीन व नियमित चिकित्सा सेवाएं जारी रहे। सम्बद्ध चिकित्सालयों में चिकित्सा सेवाओं के सुचारू संचालन का डॉ. अनिता पारीक, अति. प्रधानाचार्य-प्रथम द्वारा पर्यवेक्षण किया जायेगा। इसी के साथ अधीक्षक पीबीएम सम्बद्ध चिकित्सालय डॉ.पीके सैनी को निर्देश दिये गये है कि इस दौरान अस्पताल की हेल्पलाईन इन्टरनल नं. 0151-2220115 एवं 0151-2226338 तथा कंट्रोल रूम नम्बर 0151-226332 सुचारू रूप से कार्य करें। इसके अतिरिक्त मरीजों की जांचो के सेम्पल दोपहर 01:00 बजे तक एकत्रित किए जावे। सभी दवा वितरण केन्द्रों में हमेशा की भांति दवाईयां आदि उपलब्ध हो। मेडिसिन, गेस्ट्रोएन्ट्रोलोजी, न्यूरोलोजी, नेफ्रोलोजी आदि विशिष्ठताओं के सभी मरीज आपातकालीन वार्ड, सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, नेत्र, ईएनटी, न्यूरोसर्जरी आदि के सभी मरीज ट्रोमा सेन्टर, शिशु औषध के मरीज शिशु आपातकालीन, स्त्री रोग व प्रसूति के मरीज कमरा नं. 107 व लेबर रूम तथा शेष मरीजों का सम्बन्धित सेन्टर में उपचार देने के निर्देश दिए गए। सभी विभागाध्यक्षों को विभाग में कार्यरत सभी इन्टर्न चिकित्सकों से कार्य लिया जावे तथा विभागों के रेजिडेन्ट चिकित्सकों से वार्ता कर कार्य बहिष्कार को समाप्त करने के लिए समझाइश करने के निर्देश दिए।



## प्रजापति समाज भालिया क्षेत्र के लोगों में भारी रोष



**अजमेर/ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** प्रजापति समाज भलिया क्षेत्र एवं सोजत क्षेत्र की समाज के लोगों द्वारा मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अजमेर एवं पुलिस महा निरीक्षक अजमेर, जिलाधीश अजमेर ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर को ज्ञापन सौंपा गया अध्यक्ष मांगीलाल प्रजापति ने बताया कि प्रजापति समाज का नया गांव (बामन हेड़ा) में श्री श्री यादे माता के मंदिर का जीर्णोद्धार कुछ समय पूर्व समाज के सभी लोगों द्वारा मिलकर कराया गया था उसके पश्चात सभी 12 खेड़ा एवं सोजत पट्टी के साथ मिलकर इस मंदिर पर शिलालेख लिखने की मिल बैठकर निर्णय लिए गए परंतु जवाजा अध्यक्ष सत्यनारायण बाबरिया एवं उनके कुछ सहयोगी ने मिलकर हठधर्मिता पूर्ण उस मंदिर पर बिना कारण या बिना तोड़फोड़ के ही हम नया गांव बामनहेड़ा वासियों एवं सोजत के कुछ समाज के बंधुओं पर झूठा मुकदमा टॉडगढ़ थाने में दर्ज कराया गया है जो पूर्णता गलत है वर्तमान में श्री श्रीयादे माता का मंदिर पूर्ण रूप से सुरक्षित व साफ-सुथरा है ने ही उसमें को किसी प्रकार की तोड़फोड़ हुई है सत्यनारायण बाबरिया के द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद झूठे है इन्होंने हमारे ऊपर जो आरोप लगाए गए हैं वह तत्यहीन व गलत है हम सब को मानसिक प्रताड़ना व सामाजिक प्रताड़ना देने का कृत्य किया गया है हम सब मिलकर पुलिस अधीक्षक अजमेर , जिलाधीश अजमेर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर को उक्त सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच कर सत्यनारायण बाबरिया एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच कर हमें न्याय दिलाने का ज्ञापन सौंपा गया ।ज्ञापन सौंपने वालों में मांगीलाल अध्यक्ष 12 खेड़ा (नयागांव) भंवरलाल अध्यक्ष धानेश्वर मंदिर गोपाराम पोतेदार सोजत मंदिर पारसमल अध्यक्ष सोजत सिटी रमेश चंद्र अध्यक्ष घुघरा घाटी प्रकाश चंद्र पूर्व सीआई कोट किराना नारायण लाल प्रजापति नयागांव बाबूलाल प्रजापति नयागांव लक्ष्मण लाल अरणाली उदयराम बड़ा खेड़ा सहित 50 समाज की मौतबिर लोगों द्वारा यह ज्ञापन सौंपा गया।

## लढाना में भाजपा की बूथ यात्रा का कार्यकताओं ने किया स्वागत

**शक्ति केन्द्र पर कार्यकताओं ने समस्याओं से कराया अवगत**



गरीबों का सितारा

**दांतारामगढ़। (विनोद धायल)।** भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ सीकर के तत्वाधान में आयोजित हुई बूथ सम्पर्क यात्रा। दॉतारामगढ विधानसभा क्षेत्र के लढाना शक्ति केंद्र पर बूथ संख्या-5-6, 57, 58 ओर बरसिंहपुरा में बूथ अध्यक्षों व बूथ समिति, वरिष्ठजनों की लढाना गांव में भाजपा कार्यकताओं ने बैठक की। बैठक में पंचायती राज भाजपा प्रकोष्ठ यात्रा का कार्यकताओं ने स्वागत किया गया। पंचायती राज भाजपा जिला संयोजक राजेन्द्र धीरजपुरा ने बताया कि इस मौके पर बूथ संपर्क यात्रा के सदस्यों ने लढाना भाजपा के बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति के सदस्यों व नव मतदाताओं का सम्मान किया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने शक्ति केन्द्र पर प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया जिसमें लढ़ाना व बरसिंहपुरा में पीने के पानी की किल्लत बतायी गयी व गोवटी से लढ़ाणा 3 किमी तथा बरसिंहपुरा से गोवटी 2 किमी सड़क निर्माण की अति आवश्यकता बताई। समस्याओं को सुनकर सक्षम स्तर पर समाधान के प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष गंगा राम रेबारी, नाहर सिंह अरुण सिंह, कानसिंह, मदन सिंह, सांवरमल जांगिड़, रूप सिंह, मोतीलाल, चौथमल जठराणा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री बाबूलाल हलदुनिया, लवसिंह मण्ढ़ा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लिवाईस कम्पनी के अधिकारियों ने चार दिन से डाल रखा था डेरा

**ब्रांडेड कम्पनी के नकली कपड़े पकड़े, पुलिस ने दो जनों को लिया हिरासत में, मामला दर्ज**





गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर में सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी के नेतृत्व में ब्रांडेड कंपनी के कपड़ों की डुप्लीकेट खेप पकड़े जाने पर स्थानीय कपड़ा व्यापारियों में हड़कंप मच गया, इण्डिया टावर में तो कपड़े की तलाशी लेने पहुँचने पर कई दुकानदार तो अपनी दुकानों के शट्टर नीचे गिरा कर रवाना हो गये। हालांकि इस मामले में पुलिस ने तीन दुकानों पर लिवाइस के अधिकृत कॉपीराइट कॉन्ट्रैक्टर दीपक पटेल के साथ तीन-चार व्यक्ति और पुलिस के जवानों ने दुकानों की तलाशी ली ।सहायक पुलिस अधीक्षक श्री चौधरी ने मंगलवार को बताया कि पिछले कई समय से ब्यावर में अवैध रुप से नकली कपडे का व्यापार जोरों पर चल रहा है। इस पर कम्पनी के लोगों ने ब्यावर की कई दुकानों पर घुम-घुमकर होलसेल में कपडा लेने की बात कही और उन दुकानों को चिन्हित किया। मुम्बई से लिवाइस के अधिकृत अधिकारी पटेल भी ब्यावर में अपना डेरा डालकर दुकानों को खंगाला और कई दुकानों से जब्त कपड़े को उठाकर थाने लेकर पहुँचे। पुलिस ने देर रात में तीनों दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।




## दुसरे दिन वेद माता गायत्री का अशीर्वाद प्राप्त कर पुष्करणा महाकुम्भ के लिए किया जनसंपर्क

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** पुष्करणा महाकुम्भ के सफल आयोजन को लेकर के दुसरे दिन श्री पुष्टिकर गायत्री मंदिर में पूजा अर्चना कर वेद माता गायत्री वं पुजारी बाबा जी से से आशीर्वाद प्राप्त कर जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की गई। संयोजक महेश व्यास ,वं भंवर पुरोहित ने बताया कि जनसंपर्क अभियान के दौरान समाज लोगो मे महाकुम्भ को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है, सक्षम समाज एवं समृद्ध समाज के निर्माण हेतु ऐसे आयोजन में सभी परिवारों से बढ़चढ कर हिस्सा लेने का आश्वासन मिल रहा है। प्रवक्ता विनय थानवी ने बताया कि दुसरे दिन का जनसंपर्क गायत्री भवन, भट्टोलाई, लक्ष्मीनाथ मंदिर, भालचन्द्र गणेश मंदिर, पुष्करणा ग्राउण्ड, लाल माई पार्क, नारसिंह हनुमान मंदिर क्षेत्र में किया गया। इस दौरान राजकुमार किराडू, पंडित गोपाल व्यास, नवरत व्यास पप्पू पुलिस, केसी काका, बसंत व्यास, प्रेम रंगा, मन्नू भाई, भवानी उपाध्याय, अरविन्द राजा व्यास, किशन घंटी, पूर्व पार्षद नरेश जोशी, भाया महाराज, शंकर बोहरा, किशन ओझा, गणेश पुरोहित, किशन पुरोहित, जगु महाराज, नवनित पुरोहित, दिनेश, राजा आदि आयोजन समिति के सदस्यों ने जनसंपर्क अभियान के दौरान अपनी भागीदारी निभाई ।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# सहेली

ज्यादातर गृहिणियां घर के आर्थिक मामलों में बहुत रुचि नहीं लेतीं, इसमें पुरुषों का एकाधिकार रहता है। नतीजा, वित्तीय व्यवस्था डगमगाई रहती है, परिवार में असंतोष-अशांति रहती है। यदि गृहिणियां भी घर आर्थिक मसलों में रुचि रखें, आय बढ़ाने में सहायक बनें तो परिवार कभी आर्थिक अभाव से नहीं गुजरेगा, संपन्नता और खुशहाली बनी रहेगी।

## शांति-खुशहाली के लिए जरूरी है आर्थिक मसलों पर आपकी सहभागिता



समाजशास्त्री कहते हैं, परिवार की अशांति का पचास फीसदी अप्रत्यक्ष कारण घर-गृहस्थी के आर्थिक मामले होते हैं, पचास फीसदी अशांति का कारण प्रत्यक्ष रूप से घर के आर्थिक मामले होते हैं। कहने का मतलब यह कि घर की अशांति का 100 फीसदी कारण घर के आर्थिक मामले होते हैं। भले ही यह बात पूरी तरह प्रमाणित न हो, लेकिन यह बात गलत भी नहीं कही जा सकती। यकीनन घरों में अशांति का सबसे बड़ा कारण आर्थिक मसले ही होते हैं। इससे कैसे बचा जाए, महिलाओं इसे जरूर समझना चाहिए।

### गृहिणियों की पकड़ है जरूरी

हमारे भारतीय समाज में अमूमन देखा यही जाता है कि घर को चलाने वाली ज्यादातर गृहिणियां आर्थिक मामलों में अपनी पकड़ रखना जरूरी नहीं समझतीं। इसीलिए वे इनकी वास्तविकताओं से वाकिफ नहीं होतीं, नतीजतन वे सुसंगत ढंग से घर के खर्च की योजना नहीं बना पातीं, जिससे महीने के अंत तक ज्यादातर बार पैसे की तंगी हो जाती है। सवाल है महिलाओं को सुचारु रूप से गृहस्थी चलाने के लिए कौन सा वो महत्वपूर्ण आर्थिक और वित्तीय मसले हैं, जिनकी उन्हें जानकारी होनी चाहिए? आइए जानें, उन आर्थिक मामलों को, जिनकी जानकारी महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है।



### समझें वित्तीय मामले

जरूरी नहीं है कि आपके द्वारा वित्तीय मामले समझे-जाने का मतलब देश की अर्थव्यवस्था समझना हो, वैसे ही जैसे यह भी जरूरी नहीं है कि आपके पास अर्थशास्त्र की डिग्री ही हो। अपने घर-परिवार, सहेलियों या उन पड़ोसनों से जिनके साथ आप उठती-बैठती हैं, उनके आर्थिक और वित्तीय मामलों को लेकर समझ को जानें और इसी बहाने अपनी भी आर्थिक जानकारियां दुरुस्त करें। याद रखिए, जब आप वित्तीय रूप से साक्षर यानी जानकार होंगी, तब ही कई वित्तीय परेशानियों से आसानी से निपट पाएंगी।

### बहुत जरूरी है बचत

यह सबसे बुनियादी मसला है। कहा जाता है कि बचत करना एक कला है, जिसका रिश्ता आय से नहीं है। इसका सीधा-सीधा मतलब सिर्फ इतना है कि आय चाहे जितनी हो, आपको अपने खर्च मैनेज करके उसमें कुछ न कुछ बचत जरूर करनी है। खर्च का कोई सार्वजनिक या सार्वभौमिक पैमाना नहीं होता, जिसकी जितनी आय होती है, उसी के अनुरूप उसे अपने खर्च की रूपरेखा बनानी चाहिए ताकि हर हाल में थोड़ी ही सही लेकिन हर महीने कुछ बचत की जा सके। दुनिया के तमाम बड़े मनी गुरु खुशहाली का एक बहुत सीधा-सा फॉर्मूला बताते हैं कि हर महीने कुछ न कुछ बचाइए जरूर। इसकी जानकारी हर महिला को होनी जरूरी है और इस पर अमल करना भी जरूरी है।

### तलाशें संभावित आय के स्रोत

आज की 90 फीसदी से ज्यादा युवा महिलाएं पढ़ी-लिखी हैं। भले चाहे वे नौकरी करती हों या गृहिणी हों। लेकिन युवा महिलाओं को चाहिए कि अगर वे नौकरी नहीं करतीं, तो भी इस ग्लोबल विलेज के दौर में आय का कोई न कोई स्रोत ढूंढ़ें, जिससे घर को आराम से चलाने में मदद मिले और अपनी भी गांठ में कुछ पैसा हों। संभावित आय के स्रोत तलाशने का मतलब सिर्फ नौकरी ढूंढ़ना ही नहीं है। अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या से एडजस्ट की जा सकने वाली कई ऐसी गतिविधियां भी हो सकती हैं, जो आपको आर्थिक रूप से मजबूत बना सकती हैं। कुछ और नहीं तो अपने छोटे बच्चों को खुद ही पढ़ाएं और आस-पड़ोस के कुछ बच्चों को संभव हो तो साथ में ट्यूशन पढ़ा दें, इससे जो भी आय होगी, वह भले घर में आप खर्च न करें लेकिन घर को उसका फायदा मिलेगा।



### अपनी भी आर्थिक कीमत समझें


आप चाहे घर में रहती हों या कामकाजी हों। लेकिन घर के लिए किए जाने वाले अपने कामों की आपको आर्थिक कीमत जरूर पता होनी चाहिए। अगर आप कामकाजी हैं तो तनख्वाह मिलते ही हर महीने घर के अपने किए जाने वाले कामकाज को एक आर्थिक आकलन करें और सोचें कि अगर वही काम किसी कामवाली से कराना हो तो उसके लिए उसे कितने पैसे देने होंगे। इस रकम को एक ऐसे खाते में डाल दें, जिससे जब आपका मन करे तभी आप उसे निकालें। यह बचत से ज्यादा अपनी कीमत तय करने का जरिया है। इससे बचत तो होती ही है, अपने अस्तित्व का सकारात्मक एहसास भी होता है।

#### सिबिल स्कोर और बैंकिंग लेन-देन

**अगर आप** लोन नहीं ले रहीं या आपको घर के होम लोन की ईएमआई भरने की चिंता नहीं है, तो भी इसका मतलब यह नहीं है कि आपको उन नियम-कायदों को नहीं जानना चाहिए, जो लोन आदि से संबंधित हों। आज की तारीख में हर किसी की जुबान में लोन से संबंधित एक शब्द होता है, 'सिबिल स्कोर।' गृहिणियों को इसके बारे में जानना चाहिए और कामकाजी महिलाओं को तो हर हाल में जानना चाहिए, क्योंकि सिबिल स्कोर दरअसल आपकी क्रेडिट हिस्ट्री है, जिसे देखकर ही, बैंक तय करते हैं कि आपको लोन दें या नहीं। इसकी जानकारी आपको इसलिए होनी चाहिए ताकि आपको पता रहे कि लोन लेने की जरूरत पड़ी तो आपको मिलेगा या नहीं।

हमारे इर्द-गिर्द हर तरह के स्वभाव वाले लोग रहते हैं। कोई विनम्रता से पेश आता है तो कोई बहुत तल्खी से। कुछ लोग कंट्रोल फ्रीक बनते हैं यानी हावी होने की कोशिश करते, इनके जुमले अपमानित करने वाले होते हैं। इनके सामने आपका सही रिएक्शन बहुत जरूरी है।

## जब कोई कंट्रोल फ्रीक बनने की करे कोशिश



कई बार आपको किसी ऐसे व्यक्ति का सामना करना पड़ता है, जो आपको दबाकर रखने और कंट्रोल करने के लिए जानबूझकर अपनी एक्टिविटीज और बातों से आपको नर्वस कर देता है। ऐसे व्यक्ति का अगर आप समय रहते प्रतिकार नहीं करेंगी तो आपको आगे चलकर एंग्जाइटी का शिकार होना पड़ सकता है या फिर उसकी हरकतें बर्दाश्त से बाहर हो सकती हैं। ध्यान रखें, रिश्तों को बनाए रखना सिर्फ आपकी ही नहीं, दूसरों की भी जिम्मेदारी है। ऐसे में उनके कटाक्ष भरे जुमले जानिए, समझिए और सिचुएशन के मुताबिक माकूल जवाब भी दीजिए, यह जरूरी है।

### तुम हरदम ओवररिएक्ट करती हो

जब आपके बॉस, कुलीग या परिजन ऐसा कह कर कि 'तुम हर वक्त ओवररिएक्ट करती हो', नीचा दिखाने की कोशिश करें तो आपको नर्वस होने की जरूरत नहीं है। संयत और शांत स्वर में पूरी दृढ़ता और आत्मविश्वास के साथ उन्हें जवाब दें, 'मेरी फीलिंग और मेरा रिएक्शन, सिचुएशन और मेरे एक्सपीरियंस के हिसाब से तय होंगे। आप इनसे सहमत हों या ना हों, मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।'

### चुप रहो ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं है



कई बार आपको दबाने के लिए पार्टनर या कोई कंट्रोल फ्रीक कुलीग तेज आवाज में 'चुप रहो ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं है' इस तरह की बात कहे तो ऐसे में डरने या सहम जाने की कतई जरूरत नहीं है। आपको भी उतनी ही तेज आवाज में लेकिन सही शब्दों में उसका प्रतिकार करना चाहिए। आप कह सकती हैं, 'मुझे कितना बोलना है, यह मैं तय करूंगी। ज्यादा बोलेंगे तो ज्यादा सुनना भी होगा।'

### मैं तो मजाक कर रहा था, तुम दिल पर मत लो

कुछ लोग बहुत कुटिल स्वभाव के होते हैं। भरी सभा में आपका अपमान कर देते हैं या जानबूझकर आपके लिए हल्की बात कह देते हैं। जब लगता है कि आप अभी इनकी क्लास ले लेंगी, तो कहते हैं, 'मैं तो मजाक कर रहा था। प्लीज दिल पर मत लें।' ऐसे में आपको साफ-साफ कह देना चाहिए, 'आपका मजाक बहुत बुरा था। इससे मेरी भावनाएं आहत हुई हैं। मैं आपकी बातों को हवा में नहीं उड़ाती और मेरे लिए उनका गहरा मतलब है। आपको भी मेरी भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। अगर मेरी फीलिंग हर्ट होंगी तो मैं जरूर रिएक्ट करूंगी।'

### पागल हो, मन में ही सब सोच लेती हो

जब आप किसी की बुरी मंशा को भांप लेती हैं या किसी के द्वारा की गई चुगली की खबर आप तक पहुंच जाती है तो आपको बहलाने या झुठलाने के लिए टॉक्सिक लोग 'पागल हो, मन में ही सब सोच लेती हो' इस जुमले का उपयोग करते हैं। ऐसे जुमले का तुरंत प्रतिकार करें और कहें, 'मैं हवा में बातें नहीं करती। मैंने सब पक्का पता करके ही आपको सचेत किया है। दोबारा ऐसी बात सुनने में आई तो आप परिणाम झेलने के लिए तैयार रहिएगा। अगर आपने मेरे बारे में आधारहीन बातें कीं तो मैं उच्च अधिकारियों की मदद ले सकती हूं।'

### इतना बुरा तो कुछ कहा भी नहीं

कुछ लोग मनमानी बात कह देते हैं फिर आपत्ति जताने पर कहते हैं,'मैंने इतना बुरा तो कुछ भी नहीं कहा।' ऐसे में आपको बिना संकोच किए कहना चाहिए, 'ज्यादा स्मार्ट मत बनें। मुझे बुरा फील हुआ है तो आपने बुरा ही कहा होगा।'




स्किन केयर

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## ऑयली स्किन को ऐसे बनाएं ब्यूटीफुल-ग्लोइंग

इन दिनों मौसम बदल रहा है। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। इस वजह से ऑयली स्किन से जुड़ी कई तरह की समस्याएं होने की आशंका बढ़ जाती हैं। दरअसल, गर्मियां शुरू होते ही पसीना, चिलचिलाती धूप, स्किन रैशेस, चिपचिपाहट, कील, मुंहासों से त्वचा को जूझना पड़ता है। इस दौरान स्किन पर मौजूद ऑयल ग्लैंड्स ज्यादा एक्टिव रहते हैं, जिसकी वजह से इस सीजन में स्किन से सीबम का स्राव बढ़ जाता है, जिससे ब्लैक हेड्स, वाइट हेड्स बनने लगते हैं, जो त्वचा को खराब करने लगते हैं। ऐसे में कुछ आसान घरेलू आयुर्वेदिक टिप्स से आप ऑयली स्किन से जुड़ी परेशानियों से आसानी से छुटकारा पा सकती हैं। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।







### इन उपायों को आजमाएं

- एक कप दही में दो चम्मच हल्दी पावडर, दो चम्मच शहद और दो चम्मच नीबू का रस मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर थोड़ी देर बाद चेहरे को ताजे पानी से धो डालिए। इससे स्किन का ऑयलीनेस खत्म हो जाएगा और चेहरे पर निखार आएगा।
- तिल, सूखे पुदीने के पत्ते और शहद का पेस्ट भी कारगर है। बारीक पिसे तिल के बीजों को सूखे पुदीने के पत्तों के पावडर को एक साथ मिलाएं और उसमें शहद मिलाएं। अब इस पेस्ट को त्वचा पर लगा कर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर धीरे से रगड़ें और ताजे पानी से धो लें।
- गर्मी के मौसम में कच्चे आलू के स्लाइस से त्वचा को रगड़ने से त्वचा को साफ करने में मदद मिलती है।
- पीसे हुए नीबू के छिलके में जई पावडर को मिलाएं। इसमें थोड़ा गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए।
- तरबूज का रस भी एक अच्छा स्किन टोनर है और गर्मियों में होने वाली त्वचा की खुश्की से राहत प्रदान करता है।
- तैलीय त्वचा के लिए पपीते के गूदे को मास्क की तरह चेहरे पर कुछ देर लगाएं। इसमें शामिल एंजाइम्स एक शक्तिशाली क्लींजर होता है। यह त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है। यह डेड स्किन सेल्स को सॉफ्ट बनाने और क्लीन करने में मदद करता है। इसमें नीबू का रस भी मिलाया जा सकता है।
- ऑयली स्किन के लिए टमाटर का रस या उसके गूदे को चेहरे पर लगाकर 15 मिनट के बाद धो लें।
- गर्मी में त्वचा को टोन करने के लिए नारियल पानी को त्वचा पर लगाएं और 20 से 30 मिनट के बाद साफ पानी से धो डालें।
- एक कप पानी में आधा नीबू निचोड़ लें। इसे चेहरे पर धीरे से लगाएं। यह ऑयली स्किन को निखारने में मदद करता है।

हेल्थ सजेशन / नम्रता नदीम

पीरियड्स के दौरान कभी-कभार कम या ज्यादा ब्लीडिंग होना नॉर्मल है। लेकिन लगातार हैवी ब्लीडिंग होने पर इग्नोर ना करें। ऐसा एंडोमेट्रियोसिस प्रॉब्लम की वजह से हो सकता है। जल्द से जल्द इसकी जांच और ट्रीटमेंट करवा लेना चाहिए।

## हैवी ब्लीडिंग को ना करें इग्नोर हो सकती है सीरियस प्रॉब्लम

कई युवतियों को पीरियड्स के दौरान बहुत तेज दर्द और हैवी ब्लीडिंग होती है। अगर एकाध बार ही ऐसा हो, तब तो चिंता की बात नहीं है, लेकिन अगर हर बार ऐसा ही हो रहा है, तो इस पर ध्यान दें। यह स्थिति आगे किसी बड़ी समस्या की वजह बन सकती है। डॉक्टरों के मुताबिक वास्तव में यह एंडोमेट्रियोसिस की समस्या है, जिसके चलते शादी के बाद गर्भधारण करने में भी समस्याएं आ सकती हैं।

**इसलिए होती है हैवी ब्लीडिंग :** महिलाओं के शरीर में एंडोमेट्रियम यानी गर्भाशय (यूट्रस) की भीतरी दीवारें, एंडोमेट्रियल टिश्यूज की बहुत बारीक परतों से ढंकी होती हैं। हर महीने जब ये हल्की-सी मोटी हो जाती हैं तो स्वाभाविक रूप से टूट जाती हैं। इसी वजह से महिलाओं में 12-13 वर्ष से लेकर 46-48 की उम्र तक हर महीने पीरियड्स होते हैं। कुछ विशेष स्थितियों में इन टिश्यूज का विकास यूट्रस की बाहरी दीवारों, यूरिनरी ब्लैडर, ओवरीज, आंतों और दूसरे प्रजनन अंगों में भी होने लगता है। इस कारण एंडोमेट्रियल टिश्यूज के टूटने पर ब्लड को बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिलता। इस कारण ये सभी अंग आपस में चिपकने लगते हैं। नतीजा होता है तेज दर्द और हैवी ब्लीडिंग। डॉक्टर कहते हैं एंडोमेट्रियोसिस की वजह से ओवरी और फैलोपियन ट्यूब जैसे प्रजनन अंग कमजोर पड़ जाते हैं, इससे बांझपन यानी इंफर्टिलिटी की समस्या पैदा हो सकती है।



**समस्या की वजह :** हालांकि मेडिकल साइंस अभी तक इसका कोई स्पष्ट कारण नहीं बता पाई है कि एंडोमेट्रियोसिस की वजह क्या है। लेकिन माना जाता है कि इसकी वजह दवाओं के साइड इफेक्ट या यूरेटाइन समस्याएं हो सकती हैं। आमतौर पर यह समस्या 18 से 35 साल की उम्र के बीच अधिक होती है। इसलिए इससे प्रजनन क्षमता प्रभावित होती है। मोनोपॉज के बाद यह समस्या अपने आप ही दूर हो जाती है। कई बार सिजेरियन डिलिवरी के चलते भी यह परेशानी पैदा हो जाती है तो कई बार इसका कारण इम्यून सिस्टम में गड़बड़ी या आनुवंशिकता भी होती है। वैसे तो यह समस्या मेनोपॉज के बाद खत्म ही हो जाती है, लेकिन अगर मेनोपॉज के बाद आप हार्मोन रिप्लेसमेंट थैरेपी लेती हैं, तो यह समस्या आगे भी हो सकती है।

**समस्या के प्रमुख लक्षण :** इस समस्या के प्रमुख लक्षणों में पीरियड्स शुरू होने के पहले पैल्विक एरिया की मांसपेशियों में जबरदस्त खिंचाव महसूस होता है। यूरीन पास करते समय या मोशन करते वक्त असहनीय दर्द होता है। फिजिकल रिलेशन में बहुत परेशानी होती है। पीरियड्स के दौरान बहुत ज्यादा थकान महसूस होती है और इस दौरान कब्ज भी हो जाती है। कुछ महिलाओं में हालांकि इनमें से कोई लक्षण नहीं दिखता, लेकिन उन्हें भी यह समस्या हो सकती है।

**डायग्नोसिस-ट्रीटमेंट :** अल्ट्रासाउंड के जरिए इस प्रॉब्लम की जांच की जाती है। अगर अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट नेगेटिव आती है, लेकिन मरीज में इसके अन्य लक्षण मौजूद होते हैं तो लेप्रोस्कोपी द्वारा पेल्विक एरिया में छोटे कैमरे लगाकर बारीकी से जांच की जाती है। फिर लेजर की मदद से एक्सट्रा एंड्रोमैट्रियल टिश्यूज को नष्ट कर दिया जाता है, जिससे इस समस्या से छुटकारा मिल जाता है। कई बार अस्थाई रूप से पीरियड्स को रोककर भी उपचार किया जाता है।

डेली एक्सरसाइज करना अच्छा है, लेकिन इसे करने के सही तरीके और रॉन्ग एक्सरसाइज के नुकसान के बारे में भी पता होना जरूरी है। क्या आपको इस बारे में पता है? इस क्विज में हिस्सा लीजिए और खुद को परखिए।

परखिए

पिंकी अरोड़ा

## क्या आप जानती हैं रॉन्ग एक्सरसाइज के नुकसान



एक्सरसाइज करना हर उस व्यक्ति के लिए एक अच्छी और जरूरी हैबिट है, जो हेल्दी-फिट रहना चाहता है। लेकिन अति हर चीज की बुरी होती है। इसलिए जरूरत से ज्यादा और गलत एक्सरसाइज करना, फायदे की जगह नुकसान पहुंचाती है। इस बारे में अपनी जानकारी को परखने के लिए यहां दिए जा रहे सवालों के जवाब आपको देने होंगे।

**1- अर्थराइटिस की समस्या से पीड़ित होने पर एक्सरसाइज करने पर कई बार-**
क- जोड़ों में सूजन की समस्या हो सकती है।
ख- चलने में दिक्कत हो सकती है।
ग- ऐसा कुछ भी नहीं होता है।

**2- एक्सरसाइज कब पूरी तरह से फायदापहुंचाती है ?**
क- जब यह बिना खाना खाए की जाए।
ख- जब यह खाना खाकर की जाए।
ग- जब यह फिजिकल थैरेपिस्ट की गाइडेंस में की जाए।

**3- एक्सरसाइज करने में हमेशा-**
क- एक जैसी रफ्तार बनाकर रखनी चाहिए।
ख- धीरे-धीरे रफ्तार बढ़ानी चाहिए।
ग- तेजी से शुरुआत करके फिर धीमा करना चाहिए।

**4- एक्सरसाइज शुरू करने के पहले मांसपेशियों की मजबूती के लिए-**
क- गुनगुना पानी पीना चाहिए।
ख- शरीर को वार्मअप करना चाहिए।
ग- फल खाने चाहिए।

**5- अर्थराइटिस से पीड़ित मरीजों के लिए इनमें से कौन-सी एक्सरसाइज सही मानी जा सकती है ?**
क- वॉकिंग करना।
ख- दौड़ लगाना।
ग- वेटलिफ्टिंग करना।

#### अंक तालिका

| क्र.सं | क | ख | ग |
|---|---|---|---|
| 1- | 5 | 5 | 0 |
| 2- | 0 | 0 | 5 |
| 3- | 0 | 5 | 0 |
| 4- | 1 | 5 | 1 |
| 5- | 5 | 0 | 0 |

#### निष्कर्ष

**अगर आपने** यहां दिए गए सभी सवालों को ध्यान से पढ़ा है और उसी विकल्प पर सही का निशान लगाया है, जो आपके मुताबिक पूरी तरह से सही है, तो अब यह जानने के लिए तैयार हो जाइए कि आप गलत एक्सरसाइज के संबंध में कितना जानती हैं?

**क**-अगर आपके हासिल अंक 20 से ज्यादा हैं तो आप गलत तरीके से की गई एक्सरसाइज के नुकसान को बहुत अच्छी तरह से समझती हैं।

**ख**-अगर आपके कुल हासिल अंक 15 या 15 से ज्यादा हैं लेकिन 20 से कम है तो आप एक्सरसाइज के महत्व के बारे में अच्छी तरह से जानती हैं। लेकिन पूरी तरह से नहीं जानतीं। थोड़ी और कोशिश करेंगी तो इस बारे में आपकी जानकारी बिल्कुल पर्फेक्ट हो जाएगी।

**ग**-यदि आपके कुल हासिल अंक 10 या इससे कम हैं तो माफ करें आप एक्सरसाइज भले करती हों, लेकिन आपको कम या ज्यादा, सही या गलत एक्सरसाइज के बारे में ज्यादा कुछ नहीं पता। बेहतर है, किसी एक्सपर्ट से इसके बारे में जान-समझ लें। वरना आप एक्सरसाइज करके भी खुद को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# पूर्व विधायक सैनी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

# राहुल की संसद सदस्यता रद्द करने के विरोध में किया विरोध प्रदर्शन

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फूंका पुतला, डॉ. हनुमान बराला एवं डॉ. शिखा मील भी हुई विरोध प्रदर्शन में शामिल

गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने के विरोध में शहर के थाना मोड़ स्थित तहसील भवन के सामने पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के नेतृत्व में मंगलवार को 12:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया जाना था ' परंतु 12:30 बजे विरोध प्रदर्शन को कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों को वहां ना कोई पुतला नजर आया ना ही कोई विरोध करने वाले प्रदर्शनकारी बस एक-दो कॉन्ग्रेस कार्यकर्ता इधर-उधर नजर आये करीब 1:30 बजे के आसपास कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए जहां पूर्व विधायक के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूँककर विरोध प्रदर्शन किया गया ' प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने देश की मोदी सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ' विरोध प्रदर्शन की खास बात यह रही पूर्व विधायक सैनी विरोध प्रदर्शन में नेतृत्व क्षमता के अनुसार भीड़ नहीं जुटा पाए विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकताओं की इतनी कम उपस्थिति देखकर ऐसा लग रहा था जैसे पूर्व विधायक के नेतृत्व से कांग्रेस कार्यकताओं ने दूरी बना रखी हो या पूर्व विधायक से कार्यकताओं की अच्छी खासी नाराजगी चल रही हो' हालांकि विरोध प्रदर्शन में पहुंचे डॉ. हनुमान बराला व डॉ. शिखा मील ने प्रदर्शन में अपना सहयोग कर अपनी उपस्थिति विधानसभा चुनावों के लिए प्रभावी तरीके से दर्शा दी है।



■ इस मौके पर चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कृष्णकांत जोशी, डॉ. हनुमान बराला, डॉ शिखा मिल, डॉ. रामनारायण यादव, पंचायत समिति सदस्य गोगराज देवन्दा, गोपाल गुलिया, पार्षद एडवोकेट धीरेंद्र सैनी, ओम प्रकाश यादव, शायर मल माली, अशोक कुमार रच्छौया, फिरोज नागौरी, सरपंच मुकेश मीणा, मुकेश मोदी, हीरालाल जादम, कमल सिंह यादव, सुरेश सेरावत, डॉ. जेपी सैनी, युवा नेता रामकिशोर सैनी, अभिषेक मोरदिया, सीताराम यादव, ओमप्रकाश बुनकर, सुनील सैनी, कालूराम सांखला, गौरी शंकर कुमावत, सुरेश मीणा, राजेंद्र बागड़ा, कमलेश मीणा, अनिल करवां, श्याम प्रताप सिंह गुर्जर, रामस्वरूप सौंकरिया, तुलसीराम पवार, पूरणमल मीणा, प्रकाश डागर, रामसिंह नुवाल व विनोद सैनी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।





जिस तरीके से राहुल गांधी जी को लोकसभा की सदस्यता से निष्कासित किया गया उसका हम पूरी तरह विरोध करते हैं और इसीलिए हम आज यहां जुटे हैं आज हमने जो मोदी जी का पुतला जलाया है यह मोदी जी का पुतला नहीं मोदी जी की तानाशाही का पुतला है और हम नहीं चाहते कि हम फिर से उन गुलामी की बेड़ियों में जकड़ जाएं जिनसे आपसे बहुत साल पहले छुटकारा पाया गया था जिसमें कांग्रेस के हजारों लाखों सेनानियों का पूरा खून पसीना बहा एवं जाने गई थी इसलिए हम पूरी तरह से इसका विरोध करते हैं और राहुल गांधी जी को जो 2 साल की सजा सुनाई गई है वो हर भारतीय नागरिक समझता है की राहुल गांधी जी को यह 2 साल की सजा क्यों सुनाई गई है क्योंकि 2 साल से एक महीना भी कम होते ही उनकी सदस्यता को निरस्त किया जाना असंभव था लेकिन फिर भी इसके बहुत सारे दांवपेच हैं और हमें पूरा पूरा विश्वास है कि जो अपर कोर्ट है सुप्रीम कोर्ट है एक सही न्यायपालिका के रूप में एक सही न्याय हमें जरूर देगा क्योंकि हमें इस देश को मोदी जी की तानाशाही से बचाना है भाजपा की तानाशाही से बचाना है और हम तब तक लड़ेंगे जब तक जीतेंगे नहीं और हम सौ पर्सेंट जीतेंगे।

-डॉ.शिखा मील बराला
वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता व समाजसेवी

अदानी घोटाले की जब राहुल गांधी ने बात उठाई तो उसको दबाने के लिए डायवर्ट करने के लिए भाजपा का यह षड्यंत्र था क्योंकि इसका सीधा सीधा संबंध सरकार से है राहुल गांधी जी ने जब एक सवाल पूछा था कि आखिर यह 20,000 करोड़ किसके है ? इसका सीधा सीधा संबंध सरकार से हैं बीजेपी के नरेंद्र मोदी से हैं जो लोगों का ध्यान भटकाने के लिए एक नया मोड़ दिया गया है यह ऐसे ही करते आए हैं लोकतंत्र की हत्या करने में शुरू से ही इन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी है लेकिन ये अब हद पार कर गए हैं दुनिया जनता अब सब समझ चुकी है जो यह कहते थे वैसे कतई नहीं है इन लोगों की पोल चोड़े आ चुकी है अब हम गांव गांव ढाणी ढाणी जनता के बीच जाएंगे और मोदी सरकार के बारे में बताएंगे कि किस तरह ये लोकतंत्र की हत्या कर रहे है हम जनता को जरूर बताएंगे हम जीतेंगे भी क्योंकि हमारे नेता का नारा है डरो मत हमने सत्य की लड़ाई लड़ी है हम कोई सावरकर नहीं है हम गांधी हैं हम गांधी जी के पथ पर चलेंगे और हमारी लड़ाई अंतिम दम तक लड़ेंगे

डॉ.हनुमान बराला
वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता व समाजसेवी

### पूर्व विधायक बैसाखियों के सहारे पत्रकारों से हुए रूबरू

**बैसाखियों ने पत्रकारों के सवाल पर जवाब देने के लिए खोला मुंह पूर्व विधायक ने उन्हीं जबाबों को किया रिपीट**

राहुल गांधी का कोई दोष नहीं है राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से निष्कासित किया गया है अगर राहुल गांधी की संसद सदस्यता को बहाल नहीं किया गया तो सड़को पर इसी तरह विरोध प्रदर्शन होता रहेगा राहुल गांधी के निष्कासन के पूछे गए सवाल पर बताया कि वो देश की और गरीबों की आवाज उठा रहे थे और अडानी के बारे में कहना चाहते थे 20,000 करोड़ का घपला सामने आ जाएगा इसीलिए सदस्यता रद्द कर दी गई ' विवाद क्या था मसला क्या था के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि अदानी का मामला पार्लियामेंट्र में सामने आ जाएगा इसलिए राहुल गांधी जी की सदस्यता रद्द कर दी गई राहुल गांधी को सजा क्यों के सवाल पर बताया की गुजरात की कोर्ट में मानहानि का दावा किया गया था जिसकी वजह से मानहानि का दावा किस लिए किया गया था के सवाल पर जबाब देते नही बना तो पीछे खड़े लोगों में से एक बार फिर आवाज आई चोर को चोर कहना क्या गलत है।

-भगवान सहाय सैनी
पूर्व विधायक

### दौसा जिले में इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह आयोजित

# 10 हजार नई आंगनबाड़ी खुलने से महिलाओं को मिलेगा रोजगार - महिला एवं बाल विकास मंत्री

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** दौसा जिले के सिकराय में मंगलवार को इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती ममता भूपेश की अध्यक्षता में आयोजित समारोह मे महिला एवं बालिका सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए तीन संस्थाओं का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाली संस्थाओं में रौनक राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड सिकराय, दिशा राजीविका महिला सवार्गीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड भाण्डारेज एवं फाउण्डेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली शामिल थी। इसके अतिरिक्त मिशन आर्या के तहत जिला प्रशासन के साथ मिलकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले आठ अधिकारियों एवं कॉर्मिकों, श्रेष्ठ महिला एवं बाल विकास कर्मी के रूप में कार्य करने वाली चार कॅर्मियो तथा 24 आगंनबाड़ी कार्यक्रताओं एवं सहायिकाओं को भी सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बजट 2023-24 में 10 हजार नई आंगनबाड़ी खोलने की घोषणा की गई है जिससे राज्य की महिलाओं को



रोजगार मिलने के साथ ही आंगनबाड़ी से संबधित सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में इन योजनाओ से लगभग 48 लाख लाभार्थी लाभान्वित हो रही हैं। समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर श्री कमर चौधरी ने कहा कि इस सम्मान से आंगनबाड़ी कॉर्मिकों को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिले में अभियान चलाकर स्क्रीनिंग में मिले कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों में से 70 प्रतिशत बच्चों का कुपोषण दूर किया जा चुका है। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग आयुक्त पुष्पा सत्यानी सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती ममता भूपेश ने उड़ान योजना के तहत राजीविका द्वारा स्थापित जिले की पहली सेनेटरी नैपकिन यूनिट का उद्घाटन रौनक राजीविका महिला सर्वागिण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, सिकराय में किया। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पंचायत कुंडेरा डूंगर में 7.50 लाख रुपए की लागत से खेल के साथ शिक्षा की थीम पर बने आधुनिक आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ तथा सिकंदरा में आयोजित सिलकोसिस जन जागरूकता एवं मेडिकल शिविर का उद्घाटन किया।

### भीलवाड़ा की सिमरन बानो को जनसुनवाई के दौरान मिली मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना के अंतर्गत एक लाख रुपए की स्वीकृति कोरोना विधवा पेंशन तथा बच्चों के लिए पालनहार योजना की भी मिली स्वीकृति



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के निदेर्शानुसार भीलवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था बनाई जाकर प्रत्येक महीने के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत, द्वितीय गुरुवार को ब्लॉक स्तर एवं तृतीय गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान प्रार्थी सिमरन बानो ने अपने पति की कोरोना के दौरान मृत्यु हो जाने पर मुख्यमंत्री कोरोना सहायता राशि के लंबित प्रकरण संबंधी समस्या भीलवाड़ा संभागीय आयुक्त श्री बी एल मेहरा तथा जिला कलक्टर श्री आशीष मोदी के समक्ष रखी। इस पर संभागीय आयुक्त श्री मेहरा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक को प्रार्थी सिमरन बानो की समस्या का जनसुनवाई के दौरान ही समाधान किए जाने के लिए निर्देशित किया। इसके पश्चात मौके पर ही प्रार्थी सिमरन बानो को एक लाख रुपए की स्वीकृति संबंधी पत्र सौंप कर राहत प्रदान को गई। इसके साथ ही सिमरन बानो को मौके पर ही कोरोना विधवा पेंशन तथा बच्चों के लिए पालनहार योजना की स्वीकृति भी जारी की गई। इससे पूर्व मुख्यमंत्री कोरोना सहायता के अंतर्गत 50 हजार की राशि दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के दौरान पार्वती देवी पत्नी रमेशचंद्र को भी मुख्यमंत्री कोरोना सहायता के अंतर्गत एक लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com